● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 131, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 19 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता भानु प्रकाश का निधन 5

टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन, सूर्य कुमार चोटिल 6

## पांचवीं बार गंगा आरती में शामिल हुए पीएम मोदी

### पीएम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की

**वाराणसी।** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। पीएम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। साथ ही उन्होंने स्वयं सहायता समूह की 30,000 से अधिक महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।



गंगा आरती के दौरान दशाश्वमेध घाट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सुरक्षाकर्मियों की नजर आसपास की हर गतिविधि पर रही।

दशाश्वमेधघाट के आरती स्थल को सूरजमुखी, रजनीगंधा, बेला और गेंदा की फूलों की माला से सजाया गया है। फूल उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के कोलकाता से मंगाए गए थे। पीएम नरेंद्र मोदी पांचवीं बार आरती में शामिल हुए। गंगा आरती के बाद प्रधानमंत्री का सम्मान किया जाएगा। उन्हें रुद्राक्ष की माला, प्रसाद के रूप में लाल पेड़ा दिया जाएगा। प्रतीक चिह्न में मां गंगा, आरती का प्रतीक फोटो और पीएम का चित्र होगा।

डमरू और घंटियों की धुन के बीच आरती जारी है। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गज गंगा आरती में शामिल हुए हैं। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. चंद्रमौलि उपाध्याय और नौ अर्चकों ने मां गंगा का पूजा कराया। 18 कन्याएं ऋद्धि-सिद्धि के रूप में मौजूद हैं। 10 क्विंटल फूलों से घाट को सजाया गया है। वहीं दीपों से घाट जगमग हो गया है। राधे-राधे और अक्षतम केशवम, गोविंद बोले हरि गोपाल बोलो के धुन से पूरा दशाश्वमेध घाट गूंज उठा। पीएम मोदी के गंगा आरती में शामिल होने को लेकर घाट पर विशेष फूलों से सजावट की गई है। वहीं दीपों से पूरा घाट जगमग है।

इसके पूर्व पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है वह वाकई अभूतपूर्व है। एक नया इतिहास रचा। दुनिया के लोकतांत्रिक देश में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करें। जनता ने यह भी करके दिखाया है। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था तब से भारत में किसी सरकार ने इस तरह हैट्रिक नहीं लगे। आपने यह सौभाग्य हमें दिया अपने सेवक मोदी को दिया। भारत जैसे देश में जहां युवा आकांक्षा इतनी बड़ी है, जहां जनता के आधार सपने हैं वहां लोग अगर किसी सरकार को 10 साल के काम के बाद फिर सेवा का अवसर देते हैं। बहुत बड़ा वीजा है और बहुत बड़ा विश्वास है।

पीएम ने कहा कि इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। यह एक देश में महिला वोटर की संख्या के हिसाब से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह संख्या अमेरिका के पूरे आबादी के आसपास है। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती यही ताकत पूरी दुनिया को आकर्षित भी करती है। प्रभावित भी करती है। मैं बनारस के हर मतदाता का भी लोकतंत्र की उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। यह बनारस के लोगों के लिए भी गर्भ की बात है काशी के लोगों ने तो सिर्फ एमपी नहीं बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है।

## प्रदेश में सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज स्कूलों का संचालन आरंभ : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज स्कूलों का संचालन आरंभ कर दिया है। इन स्कूलों में विश्व स्तरीय बिल्डिंग, स्मार्ट क्लास, डिजिटल टीचिंग, निःशुल्क वाहन सुविधा, एक्सपोजर विजिट के साथ-साथ अन्य आधुनिक संसाधनों की सुविधा विद्यार्थियों को प्राप्त होगी। अन्य विद्यालयों में भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश के 416 विद्यालयों में पीएमश्री योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इन सुविधाओं का अन्य शालाओं में भी विस्तार होगा। प्रदेश के विद्यार्थी महापुरूषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के पथ पर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 2024 के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।



शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाला में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को दुलार कर, तिलक लगाकर व पुस्तकें भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुपर-100 योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 में जेईई एडवासं में आईआईटी में प्रवेश लेने वाले शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ग्राम सालीचौका जिला नरसिंहपुर के श्री पवनराय, ग्राम रक्सहाकलॉ जिला रीवा के श्री शीतल सिंह, सतना जिले ग्राम अतरार के श्री साहिल पाल, भोपाल के श्री रविराज विश्वकर्मा का सम्मान भी किया।

## बिजली की डिमांड ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में बिजली की मांग चरम पर है। हर दिन दिल्ली में बिजली की मांग बढ़ रही है और नित नये प्रतिमान कायम कर रही है। मंगलवार को यह मांग अधिकतम 8,647 मेगावाट तक पहुंच गई, जो दिल्ली के इतिहास में सबसे अधिक है। स्टेट लोड डिस्पैच सिस्टम (एसएलडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहर 3ः22 बजे अधिकतम मांग दर्ज की गई। दिल्ली की अधिकतम बिजली की मांग पहली बार 22 मई को 8,000 मेगावाट रही थी। बिजली की मांग बढ़ने से बिजली कटौती भी हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में एक से दो घंटे तक बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं, सड़कों की लाइट पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। गर्मी की तपिश की वजह से लोगों के घरों और कार्यालयों में गर्मी से राहत देने वाले कूलर, एसी, पंखे इनदिनों ज्यादा चल रहे हैं। इस वजह से बिजली की मांग दिल्ली में बढ़ी हुई है। बिजली कंपनियों ने अनुमान लगाया था कि 8000 मेगावाट इस गर्मी में मांग होगी, इस आंकड़े को भी मांग पार गई है। 2024 के पहले दिल्ली में अधिकतम मांग 7,695 मेगावाट तक दर्ज किया गया था। जबकि इस साल लगातार 30वां दिन पीक बिजली की मांग 7000 मेगावाट को पार करती रही। मई 2023 में ही यह मांग 7000 मेगावाट को पार कर गई थी। 2022 में केवल एक बार मई महीने में ऐसी स्थिति आई थी। बिजली आपूर्ति कंपनियों का कहना है कि बिजली वितरण नेटवर्क बिजली की इस उच्च मांग को बनाए रखने में सक्षम रहा है। एयर कंडीशनिंग किसी घर या कंपनी के सालाना ऊर्जा खर्च का 30-50 फीसदी तक बढ़ जाता है।

## पश्चिम बंगाल की राजनीति में नया ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सियासत में मंगलवार को नया ट्विस्ट देखने को मिला। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के सांसद से मिलने उनके आवास पहुंची। बीजेपी के राज्यसभा सांसद अनंत राय महाराज ने अपने आवास पर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सीएम ममता बनर्जी और अनंत महाराज की मुलाकात को लेकर अधिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई है।

## बिहार में अब 12 करोड़ का पुल उद्घाटन से पहले गिरा

**अररिया।** बिहार में एक बार फिर से पुल हादसा हुआ है। उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त होकर नदी में समा गया। घटना अररिया जिला के सिकटी प्रखंड की है। यहां करोड़ों की लागत से बकरा नदी के पड़रिया घाट पर बना पुल अचानक नदी में समा गया। मंगलवार दोपहर करीब दो बजकर पांच मिनट में यह हादसा हुआ। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण पहले बने पुल के एप्रोच कट जाने के बाद कराया गया था। लोगों का आरोप है कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल किया गया था इसलिए पुल उद्घाटन से पहले ध्वस्त हो गया। लोगों का कहना है कि हाल में ही पुल के एप्रोच पथ को बहाल करने के विभाग की विभाग की ओर कवायद शुरू की गई थी। लेकिन, उससे पहले यह हादसा हो गया। अररिया के सांसद और विधायक ने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। अररिया के सिकटी प्रखंड में उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था।



## मप्र की पुलिस आयुक्त व्यवस्था में लागू होगा यूपी मॉडल

**भोपाल।** इंदौर व भोपाल के बाद अब जबलपुर और ग्वालियर में पुलिस आयुक्त व्यवस्था लागू करने से पहले मध्य प्रदेश सरकार इसमें बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। नई व्यवस्था में पुलिस आयुक्त प्रणाली वाले जिले के ग्रामीण क्षेत्र को भी शामिल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने वर्ष 2022 में लखनऊ, कानपुर और वाराणसी में पुलिस आयुक्त व्यवस्था में बदलाव कर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिला दिया था। इसी तर्ज पर अब मध्य प्रदेश में भी तैयारी की जा रही है।

## सीएम सुक्खू की पत्नी लड़ेंगी चुनाव, देहरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने उतारा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस ने हमीरपुर और नालागढ़ा से उम्मीदवार घोषित कर दिए थे, लेकिन देहरा विधानसभा सीट पर मामला फंसा हुआ था। कांग्रेस ने अब यहां से कमलेश ठाकुर को चुनावी मैदान में उतारा है।

देहरा विधानसभा सीट से पहले चर्चा थी कि कांग्रेस मुख्यमंत्री के करीबी नरदेव कंवर को टिकट दे सकती है, लेकिन कमलेश ठाकुर को वहां से उतार दिया। कमलेश का मायका देहरा में आता है। उनकी टक्कर भाजपा से खड़े हुए होशियार सिंह से होगी।

कांग्रेस ने हमीरपुर और नालागढ़ से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने हमीरपुर से डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा पर दांव लगाया है। भाजपा तीनों सीटों पर उम्मीदवारों का एलान पहले ही कर चुकी है। हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ से उसने त्याग पत्र देने वाले तीनों निर्दलीय विधायकों पर ही दांव लगाया है।

## सिंधिया के लोकसभा क्षेत्र के तीन गांव बनेंगे 5-जी इंटेलिजेंट विलेज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ती गांव 5-जी इंटेलिजेंट विलेज बनेंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण जीवन में बदलाव लाने और डिजिटल समावेशन एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 5-जी प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दूरसंचार मंत्रालय संभालते ही बड़ी सौगात दी है। सिंधिया ने शिवपुरी, गुना ओर अशोनगर जिले के तीन गांव को 5-जी इंटेलिजेंट विलेज बनाने की घोषणा की है। ये तीनों जिले सिंधिया के गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा चुनाव में जीत के बाद दूरसंचार मंत्रालय का पदभार 10 जून 2024 को संभाला और एक सप्ताह बाद ही दूरसंचार मंत्रालय ने देश के ग्रामीण इलाकों की एक नई पहल में शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिले के तीन गांव को लाभांवित किया है।



दूरसंचार मंत्रालय द्वारा '5जी इंटेलिजेंट विलेज'और 'क्वांटम एन्क्रिप्शन एल्गोरिदम' श्रेणियों के तहत प्रस्ताव की घोषणा की है। इस '5जी इंटेलिजेंट विलेज' के उद्देश्य के तहत ग्रामीण जीवन में बदलाव लाने और डिजिटल समावेशन एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 5जी प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है। चयनित गांवों को 5जी के अल्ट्रा-रिलायबल लो-लेटेंसी कम्युनिकेशन (यूआरएलएलसी) और मैसिव मशीन टाइप कम्युनिकेशन (एमएमटीसी) तकनीकों का प्रभावी तौर पर उपयोग में समर्थ बनाने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, जो 5जी कनेक्टिविटी के फायदों को प्रदर्शित करते हैं। बता दें, इन प्रस्तावों में भागीदारी के लिए उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा जगत और उन सरकारी विभागों को आमंत्रित किया गया है, जो दूरसंचार उत्पादों एवं समाधानों के प्रौद्योगिकी डिजाइन, विकास एवं वाणिज्यिकरण जैसे कार्यों में शामिल हैं।

मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिला रावसर गांव, गुना जिले का आरी गांव, शिवपुरी जिले का बांसखेड़ी गांव शामिल है। इसके अलावा गुजरात के आणद जिले का धर्मज, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले का रामगढ़ उर्फ राजाही, महाराष्ट्र के नागपुर जिले का बाजारगांव, राजस्थान के भीलवाड़ा जिले का भगवानपुरा, असम के नौगांव जिले का डबलोंग, आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले का बुर्रीपालेम गांव शामिल है।

## पांच लाख अप्रवासियों के मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। बता दें अमेरिका में इस वर्ष राष्ट्रपति चुनाव भी होने हैं। दरअसल इससे पहले बाइडन ने इस महीने की शुरुआत में अप्रवासन को लेकर सीमा पर आक्रामक नीति अपनाई थी। इस वजह से कई डेमोक्रेटिक सांसद नाराज हो गए थे। अब बाइडन के इस कदम को अपनी आक्रामक नीति को संतुलित करने के कदम के तौर पर देखा जा रहा है। व्हाइट हाउस की तरफ से इस बारे में एक आधिकारिक बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि आने वाले महीनों में अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों को स्थाई नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी। इससे पांच लाख से ज्यादा अप्रवासियों को राहत मिल सकती है।

अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के लिए कुछ नियम भी बनाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार नागरिकता के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति बीते 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो।

## अब जिलों से होगा छात्रवृत्ति का वितरण

**भोपाल।** प्रदेश में अब अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मुख्यालय यानी भोपाल से नहीं बल्कि जिलों से मिलेगी। छात्रवृत्ति वितरण में होने वाले विलंब को दूर करने के लिए सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन किया है। अब केंद्रीयकृत व्यवस्था के स्थान पर जिलों से ही छात्रवृत्ति का भुगतान होगा। आवेदन का परीक्षण कर सत्यापित करने का काम शासकीय नोडल संस्था यानी कालेज करेगा। जबकि, इसे स्वीकृत और वितरित जिले में पदस्थ अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के सहायक संचालक द्वारा कलेक्टर के माध्यम से किया जाएगा। इस व्यवस्था को लागू करने से दिसंबर से अब तक पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों को 618 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति दी जा चुकी है।

## उप राष्ट्रपति विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भोपाल।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ विश्व सिकल सेल दिवस-2024 19 जून 2024 को प्रातः 11.00 बजे शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे।

सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिये 15 नवम्बर 2021 जनजातीय गौरव दिवस को 'राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हज़ार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गयी। द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 का शुभांरभ शहडोल ज़िले से किया गया। राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 विकासखण्डों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है। द्वितीय चरण में अब तक 49 लाख 17 हज़ार जनसँख्या की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिसमे से 1 लाख 20 हज़ार 493 सिकलवाहक एवं 18 हज़ार 182 सिकल रोगी चिन्हित किये गए हैं। सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिये प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है।

## वाटर सिक्योरिटी प्लान से ही बुझेगी दिल्ली की प्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी का जबरदस्त संकट पैदा हो गया है। मांग से लगभग 25 से 30 फीसदी पानी की उपलब्धता कम हो गई है। इसका असर यह हुआ है कि दिल्ली के झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके ही नहीं, पॉश कॉलोनियों में भी लोगों को पानी के लिए बाल्टी लेकर भटकना पड़ रहा है। दिल्ली के सबसे पॉश एरिया लुटियन जोन में भी कई इलाकों को इस समय पानी के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। दिल्ली का जल संकट वर्षा शुरू होने के बाद ही सुधरेगा। लेकिन तेज गर्मी से अभी कई दिनों तक राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है और इस बीच पड़ोसी राज्यों से जल उपलब्धता पर कोई सहमति नहीं बनी, तो यह जल संकट कई दिनों तक बने रहने की संभावना है। दिल्ली के जल संकट का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां पर पर्याप्त जल क्षेत्र नहीं है। कभी दिल्ली के कुल 1484 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में लगभग 18 वर्ग किलोमीटर इलाका जल क्षेत्र हुआ करता था। इसमें भी सबसे अधिक हिस्सा यमुना के बहाव क्षेत्र का हुआ करता था। यह जल क्षेत्र लोगों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त हुआ करता था। लेकिन पड़ोसी राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में आए लोगों ने यमुना के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर घर बनाना शुरू कर दिया। शेष जल क्षेत्र भी अतिक्रमण का शिकार हुए, जिससे जल क्षेत्र सिकुड़ गया। इसका यह असर हुआ है कि दिल्ली का भूगर्भीय जल स्तर भी बहुत कम हो गया है।



जल क्षत्र के सिकुड़ने की तुलना में आबादी में कई गुना बढ़ोतरी हो गई है। 2011 में दिल्ली की आबादी 1.1 करोड़ के आसपास थी जो अब लगभग दो करोड़ के करीब हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2028 तक दिल्ली दुनिया का सबसे घनी आबादी वाला शहरी क्षेत्र हो सकता है। 2035 तक दिल्ली (एनसीआर सहित) की आबादी 4.3 करोड़ के लगभग हो सकती है। बेहतर जीवन स्तर के कारण भी जल की मांग में बढ़ोतरी होगी। इससे दिल्ली-एनसीआर में जल का अभूतपूर्व संकट पैदा हो सकता है।

दिल्ली में जल क्षेत्र के रूप में सबसे प्रमुख यमुना नदी है। दिल्ली में यमुना लगभग 52 किलोमीटर लंबाई के क्षेत्र में बहती है। लेकिन इसके दोनों किनारों पर लगातार अतिक्रमण हुआ है, जिससे इसका विस्तार क्षेत्र सिकुड़ गया है। अगस्त 2021 तक दिल्ली में 1045 जलाशयों की पहचान हुई थी। 322 पुराने और सूख चुके जलाशयों को दोबारा पुनर्जीवित कर इसे उपयोग में लाये जाने के योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह दिल्ली में कुल लगभग 1367 जलाशयों के होने की बात कही जाती है। लेकिन जल शक्ति मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि इनमें से लगभग एक चौथाई में जल नहीं है। कई जलाशयों के अपने स्थानों पर न होने की खबरें भी आई हैं। यानी पुरानी पहचान को देखते हुए उनकी गिनती तो कर ली गई है, लेकिन उनमें से कई जलाशयों के स्थान पर इमारतें, स्कूल, दुकानें या पार्किंग बन चुकी हैं और इस समय इन स्थानों पर कोई जल क्षेत्र नहीं है। दिल्ली सरकार ने झीलों के पुनर्निर्माण को लेकर अपनी सक्रियता दिखाई थी। सीलमपुर सहित कुछ इलाकों में 20 झीलों के विकसित करने का दावा किया गया था, लेकिन अब तक इसमें सफलता नहीं मिल पाई है।

# प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि के 17वीं किस्त के तहत राशि किए ट्रांसफर

## जिले के 1 लाख 28 हजार 361 किसानो के खाते में भेजा गया 25 करोड़ 67 लाख 22 हजार रुपये



सिंगरौली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आज वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश के 9 करोड़ 26 लाख लभार्थी किसानो के खाते में 20 हजार करोड़ रूपय सिंगल क्लिक के माध्यम से आंतरित किया गया। सिंगरौली जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राधा सिंह के मुख्य अतिथि में एवं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा के उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानो को संबोधित करते हुये राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि सरकार किसानो के आय को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज हमारे प्रधानमंत्री द्वारा किसानो के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये कि राशि आंतरित किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार भी किसानो को किसान कल्याण योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि देश एवं मध्यप्रदेश सरकार का सकल्प है कि किसान भाई को आय को दोगुना करना है। इसके साथ सरका द्वारा किसानो को फसल नुकसानी पर फसल बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्च गुणवत्ता के बीज खादए किटनाशक उपलब्ध करा रहा है। राज्य मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि पीएम किसान निधि योजना से किसानों की आमदनी एवं कृषि संबंधित जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया है। आज प्रधानमंत्री द्वारा देश भर के 9 करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधा ट्रांसफर किया गया । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा सिंगरौली जिले 1 लाख 28 हजार 361 लाभार्थियों को 25 करोड़ 67 लाख 22 हजार रूपये आंतरित किये गया है। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, तहसीलदार रमेश कोल, प्रीति सिकरवार, उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेय, उपायुक्त सहकारित पीके मिश्रा, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी सहित समाजसेवी नम्रता सिंह, कलावती देवी सहित किसान भाई उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित गई जनसुनवाई



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान एएसपी शिव कुमार वर्मा, सीएसपी पीएस परस्ते, कोतवाल अशोक सिंह परिहार, व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र एसपी के समक्ष में प्रस्तुत किये गये। जिसे प्रत्येक आवेदकों से रूबरू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुनकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी पुलिस व थाना व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।

# बच्चे हमारे देश के भविष्य है कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे : राज्यमंत्री

## हाई स्कूल चुरकी में किया स्कूल चले अभियान का शुभारंभ





सिंगरौली। स्कूल चले हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने की दृष्टि से राधा सिंह राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण मध्यप्रदेश शासन के द्वारा हाई स्कूल चुरकी में पहुंच कर अभियान का शुभारंभ किय गया । उन्होने प्रवेशी बच्चो का फूल माला से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने उपस्थित अविभावक जन समूह को संबोधित करते हुए कहा की बच्चे हमारे देश के भविष्य है कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। आप सबसे मेरा आग्रह है कि अपने बच्चे बच्चियों को स्कूल अवश्य भेजे। मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा बच्चो को निःशुल्क पाठ्या पुस्तक, गणवेश एवं मध्यान भोजन प्रदान किया जा रहा है ताकि बच्चे विद्यालय में आकर बिना किसी आभाव के शिक्षा प्राप्त कर सके। राज्य मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षा ही हमें ज्ञान का मार्ग और जीवन की कला सिखाती है। शिक्षा से ही हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है। उच्च पदों पर प्रतिष्ठित होने के लिए भी उच्च शिक्षा आवश्यक है। हर विद्यार्थी अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि विद्या अध्ययन तपस्या की तरह है। इसकी सफलता में ही जीवन की सफलता निहित है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन की जानकारी ली। कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश दिलाएं एवं नियमित रूप से विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें तथा सभी शिक्षकों को हिदायत दी कि विद्यालय में समय से समय तक उपस्थित होकर अध्यापन का कार्य करें। शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यालयों के अधोसंरचना के विकास के लिए पूरा प्रयास करेंगे । इस अवसर पर राज्य मंत्री सिंह के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान सरपंच ग्राम पंचायत चुरकी रामजी गुर्जर,जनपद सदस्य, सुग्रीव पाठक, अनुविभागीय अधिकारी, चितरंगी सुरेश जाधव, तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, बीआरसीसी सियाराम भारती एवं छात्र एवं उनके अभिभवक सहित में ग्रामीण जंन शिक्षक आदि उपस्थित रहे ।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गंभीरता से करें निराकरण: सीईओ



सिंगरौली। सीएम हेल्प में लंबित शिकायतों का निराकरण गंभीरता के साथ निराकरण करें। उक्त निर्देश कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित बैठक में जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश ने दी।

बैठक के प्रारंभ में सीईओ ने विभाग वार सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने 50 दिवस ,100 दिवस, 300 दिवस की लंबित शिकायतों के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात् निर्देश दिए की कुछ विभागों के द्वारा लंबित शिकायतों के निराकरण में रुचि न लेने के फलस्वरूप जिले के रैंकिंग प्रभावित हो रही है जो अत्यंत ही खेदजनक है।

उन्होंने निर्देश दिए की तीन दिवस के अन्दर पचास दिवसों से निलंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे।

# नौ माह पूर्व हुए अंधी हत्या का सरई पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## शादी में हुई बेइज्ज़ती का आरोपी ने हत्या कर लिया बदला



सिंगरौली। सरई पुलिस ने नौ माह पहले हुए अंधी हत्या का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि 29 अगस्त 2023 को ग्राम साजापानी के चरका घटिया पहाड़ी पर एक युवक का शव पुलिस को बरामद हुआ था। जिसके सिर व चेहरे को पत्थरों से कुचल कर युवक की हत्या की गई थी। मृतक की पहचान रंगदेव सिंह गोंड निवासी साजापानी के रुप में हुई थी। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक के सिर को कुचलकर पहचाने मिटाने का प्रयास किया गया था। जिस पर सरई पुलिस ने अपराध धारा 302,201 ताहि कायम कर विवेचना में ले लिया था। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता व्दारा अंधे कत्ल के मामलों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम को खुलासा करने निर्देशित किया था।जहां एसडीओपी ने उक्त मामले का खुलासा करने के लिए टीम का गठन किया। पुलिस ने बताया कि विवेचना में सभी सूक्ष्म बिंदुओं का गहन अध्ययन व साक्षियों से पूछताछ पर पता चला कि घटना के बाद से ही गांव के दो व्यक्ति गांव से बाहर चले गए है तथा वापस नही आये है। पुलिस व्दारा संदेहियो की तलास की गई तो पता चला कि एक संदेही गोपाल बैगा ग्राम पुद्धपानी अपनी ससुराल में रह रहा है, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करते हुए बताया गया कि कुछ वर्ष पहले गावं के एक शादी समारोह मे रंगदेव व्दारा छोटा भाई श्रीपाल बैगा को गाली गलौज कर बेज्जती की थी तथा मारपीट कर शादी से भगा दिया था। तब से श्रीपाल बैगा इससे रंजिश मान लिया था। 27 अगस्त 2023 को श्रीपाल बैगा द्वारा रात करीब 10-11 बजे गांव के पास वाले कुएं के रास्ते पर रंगदेव को अकेला पाकर डंडे से सिर पर मार दिया। जिससे रंगदेव बेहोश गया था तब श्रीपाल बैगा व्दारा अपने भाई गोपाल बैगा को साथ लेकर रंगदेव सिंह को चरका घटिया पहाड़ी लेकर गया, जहां दोनो ने रंगदेव के सिर को कुचलकर हत्या कर शव को फेंक दिया था। उक्त अंधी हत्या का खुलासा एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम के कुशल मार्गदर्शन मे निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत, उनि सूर्यपाल सिंह,मनोज सिंह,अरुण सिंह, सउनि कमलेश प्रजापति, प्रआर विजय तिवारी, आर. अशोक यादव, प्रभात दुबे, अंकित शुक्ला की भूमिका रही।

## चलती कार में लगी आग, कार से कूदकर बचाई जान



सिंगरौली। जयंत चौकी क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को मस्जिद चौराहे के पास एक चलती कार में अज्ञात कारणों से आग लग गई। कार से धुंआ निकलते देख कार में सवार लोग आनन-फानन में कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाए और आग बुझाने के प्रयास में लग गए। कार में आग लगते देख मौके पर भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। फिर आनन-फानन में स्थानीय लोगो की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

# निगरी पुलिस का शराब माफियाओं को खुला संरक्षण



सिंगरौली। निगरी चौकी प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि निगरी क्षेत्र में हो रहे अवैध कारोबार पर निगरी चौकी प्रभारी अंकुश नही लगा पा रही है। निगरी क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन व परिवहन,गांजा व शराब का कारोबार चरम सीमा पर है। स्थानीय लोगो की शिकायत पर भी निगरी चौकी प्रभारी अंकुश लगाने में असमर्थता जाहिर कर रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगो ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुछ चौकी व थाना क्षेत्र में कार्यवाही तो की जा रही है लेकिन निगरी पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ हर गली मोहल्ले,चौक-चौराहे पर व गोमती में बड़े आसानी से खुलेआम बिक रहे है। गौरतलब हो कि सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत निगरी पुलिस चौकी क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । बताते चलें कि शराब की पैकरी करने के लिए मोटरसाइकिल लगे हुए हैं। सभी ढाबा एवं गोमती व अंडे की दुकानों में भारी मात्रा में शराब की खेप पहुंचा दी जाती है। इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य कई ठिकानों पर नियमित रूप से शराब उपलब्ध कराई जाती है। निगरी पुलिस की निष्क्रियता सामने आ रही है। पुलिस अधीक्षक का निर्देश भी बेअसर दिखाई दे रहा है। जहां हर जगह-जगह कोडिन सिरफ व शराब की शीशी पड़ी दिखाई दे रही है। इससे साफतौर पर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस जान कर अंजान बनी हुई है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारा ठोकर, घायल

सिंगरौली। खुटार चौकी क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की देर रात बैढ़न-बरगवां मुख्य मार्ग परसौना से आगे एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के मौजूद लोग पहुंचे,जहां घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर भिजवाया।

# देवसर विधायक ने हायर सेकंडरी स्कूल गड़हरा में किया स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

सिंगरौली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़हरा में विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम के द्वारा स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ किया गया। विधायक श्री मेश्राम ने कहा कि आज के बच्चे आने वाले समय में भारत की मजबूत नीव बनेंगे। इसलिए, जरूरी है कि उन्हें बाल्यकाल से ही गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले ताकि आने वाले समय में वे देश एवं प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर सके। बच्चो की प्राथमिक शिक्षा अगर अच्छी होगी आने वाल कक्षाओ में उन्हे किसी प्रकार की असुविधा नही होगी। विधायक श्री मेश्राम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चो के समुचित विकास के लिए अनेक कार्य किये जा रहे है। बच्चो को स्कूल में ही गुणवत्तायुक्त पौष्टिक माध्यम भोजन, यूनिफार्म तथा किताबे निःशुल्क प्रदान की जा रही है। उन्होंने उपस्थित अभिभावको एवं ग्रामीण से अनुरोध किया कि अपने आस पास के ऐसे बच्चे जो स्कूल नही जाते है उनके अभिभावको को प्रेरित करें। साथ विद्यालय के प्राचार्य को भी अवगत कराये ताकि ऐसे बच्चो का विद्यालय मे प्रवेश सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर विधायक सहित उपस्थित छात्रो एवं उनके अभिभावको सहित विद्यालय के शिक्षकगणो द्वारा मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया।

# एनटीपीसी सिंगरौली पर्यावरण संरक्षण हेतु समर्पित



सिंगरौली। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता के तहत भारत में पराली की समस्या को कम करने हेतु कृषि अवशेष आधारित गैर टोरिफाइड बायोमास पेलेट्स कोयले के साथ पैलेट के रूप में बायोमास को जलाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली एवं अन्य गणमान अधिकारियों द्वारा पूजा एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर मेसर्स पूजा एग्रो फ्यूल इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित कृषि अवशेष आधारित गैर.टोरिफाइड बायोमास पेलेट्स 28.8 मीट्रिक टनका पहला ट्रक 17 जून को एनटीपीसी सिंगरौली को प्राप्त हुआ है। यह सतत विकास और खेतों में बायोमास को खुले में जलाने से रोकने की दिशा में एनटीपीसी सिंगरौली के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि हैं। पराली जलाने से पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे उत्पन्न वायु प्रदूषण से आँखों में जलन से लेकर श्वसन एवं हृदय सम्बन्धी रोगों के प्रभाव से आम जन मानस के जीवन में भी काफी हानिकारक प्रभाव देखा गया हैं। एनटीपीसी सिंगरौली के इस सार्थक कदम से पर्यावरण अनुकूल विद्युत उत्पादन एवं सतत विकास की दिशा में वायु प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली, अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस, जोसफबास्टीयन, महाप्रबंधक ऐश डाइक, डी के सारस्वत, अपर महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन, सिद्धार्थ मण्डल विभागाध्यक्ष मानव संसाधन तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

## जन सुनवाई में 114 अवेदको ने अपनी समस्याओं का दिया आवेदन

सिंगरौली। कलेक्ट्रेट सभागार मे मंगलवार को आयोजित होने वाली जल सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचल से आये 114 आवेदको ने जन सुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर अरविंद झा को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। अपर कलेक्टर द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुये कई आवेदको की समस्याओ को जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से त्वारित निराकरण कराया गया। तथा ऐसे आवेदक जिनके आवेदनो का जन सुनवाई के दौरान निराकरण नही किया जा सका संबंधित अधिकारी की ओर भेजते हुये तय समय सीमा में आवेदन पत्रो का निराकरण करने का निर्देश दिया गया।

# वाहक जनित रोग की जिला टास्क फोर्स एवं अंतर्विभागीय बैठक संपन्न

## विनष्टिकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर करें कार्यः अरविंद झॉ



सिंगरौली। वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया एवं डेगू की जिला टास्क फोर्स एवं अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर अरविन्द झॉ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी नागेन्द्र सिंह ने वाहक जनित रोगों की सामान्य जानकारी पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत की एवं विभिन्न विभागों से समन्वय एवं सहयोग हेतु कार्य दायित्वों की जानकारी दी। अपर कलेक्टर ने इस संबंध में शिक्षा विभाग को प्रार्थना सभा में मलेरिया डेंगू रोग, उपचार, बचाव की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया। नगर पालिक निगम सिंगरौली, महिला बाल विकास विभाग को लार्वा सर्वे एवं विनष्टिकरण हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर कार्य करने हेतु कहा गया। आदिवासी बहुल जिला होने के कारण संवेदनशील क्षेत्रो को चिन्हित कर ग्राम स्तर तक प्रचार प्रसार किया जाय। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रामों में मलेरिया के मास सर्वेलेंस कैम्प जुलाई एवं अक्टूबर माह में आयोजित किए जायेंगे। जिसमें जनमानस को अधिकतम संख्या में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। इस हेतु ग्राम के सरपंच एवं सचिव को निर्देषित किया जाय कि अधिकतम लोगो को स्वास्थ्य कैम्प में भेजा जाए। अपर कलेक्टर द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि मलेरिया उन्मूलन हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करें। इस बैठक में अपर कलेक्टर अरविन्द्र झॉं, जिला पंचायत सीईओ अनुराग मोदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनके जैन, सीबीएमओ विकासखण्ड देवसर डॉ. सी.एल. सिंह, डिप्टी कमिश्नर आर.पी. बैस, डीपीओ राजेश राम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 211 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## चित्रभान और सुरेन्द्र ट्राई साईकिल मिलने से बेहद खुश दिखे

**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 211 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी उपखण्ड मुख्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जिसमें सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ने



सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में आए आवेदनों की नियमित समीक्षा करने तथा समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीमांकन संबंधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार को अभियान चलाकर सीमांकन के प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई में ग्राम कुशमहर जनपद पंचायत रामपुर नैकिन से आये चित्रभान बैगा ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि बीमारी के कारण 12 साल पहले उनके दोनों पैरों को काट दिया जिसके कारण वे चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि 6 साल पहले ट्राई साइकिल मिली थी लेकिन उसकी हालत काफी जर्जर हो गई है जिसके कारण समस्या हो रही है। इसी प्रकार जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम खमरिहा से आए सुरेन्द्र कोल ने बताया कि एक पैर एक साल पहले बीमारी के कारण काट दिया जिसके कारण वे चलने में असक्षम है। उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

उक्त दोनों आवेदकों की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से आवेदक बहुत खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक से पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का किया अंतरण

**देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का ऑनलाइन अंतरण**

**सीधी जिले के जिले के एक लाख 25 हजार से अधिक किसान हुए लाभान्वित**



**सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त का 9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का ऑनलाइन अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीधी जिले के एक लाख 25 हजार 803 किसान परिवार लाभान्वित हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित किसान भाइयों ने देखा सुना।

आज के कार्यक्रम में जिले के एक लाख 25 हजार 803 कृषकों के खाते में 2 हजार रुपये के मान से कुल 25 करोड़ 16 लाख 06 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई है। तहसील कुसमी के 11 हजार 481, गोपद बनास के 24 हजार 256, चुरहट के 12 हजार 940, बहरी के 15 हजार 11, मझौली के 24 हजार 916, रामपुर नैकिन के 26 हजार 895 तथा सिहावल के 18 हजार 730 कृषकों के खाते में राशि अंतरित की गई है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी सहित हितग्राही किसान भाई उपस्थित रहे।

# जन समस्या निवारण शिविर (शून्य शक्ति अभियान) के शुभारंभ पर आजीविका मिशन की दीदियों को किया गया सम्मानित



**सीधी।** विगत दिनों जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत बघोर में शून्य शक्ति अभियान-जन समस्या निवारण शिविर का प्रारंभ नव निर्वाचित सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर राजेश शाही द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत पंजा दरी चयनित पंचायत दरी जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है, को प्रतीक रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया। साथ ही जिले की एक मात्र प्रशिक्षित ड्रोन दीदी लक्ष्मी स्व सहायता समूह की मनीषा कुशवाहा को ड्रोन का रिपोर्ट सौपकर सांसद द्वारा सम्मानित किया गया व ड्रोन का संचालन भी देखा। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी को समूह की सक्रिय सीआरपी को भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण करते हुये ड्रोन संचालन का दायित्व सौंपा गया है, जिससे महिला किसानों को प्रशिक्षित कर खेती को लाभ का धंधा बनाया जा सके। जिससे आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर कम लागत व ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेश पाण्डेय, विकासखण्ड प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अखिलेश त्रिपाठी, बी.पी.ओ. कामता तिवारी, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक विनोद कुशवाहा सहित जन प्रतिनिधि अधिकारीध्कर्मचारी एवं ग्रामवासी समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सांसद की उपस्थिति में स्कूल चले हम अभियान का हुआ शुभारंभ

## जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सी.एम.राईज स्कूल सीधी में हुआ आयोजित

**सीधी।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के 6-10 आयु वर्ग के सभी बच्चों का आयु अनुरूप कक्षा 1 से 12 में विद्यालय में शतप्रतिशत नामांकन एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये स्कूल चले हम अभियान के तीन दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में सी.एम.राईज स्कूल सीधी में हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य 6-18 वर्ष के बच्चों का स्कूल में नामांकन करना एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इस अभियान के तहत लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना एवं उनके बच्चों को स्कूल भेंजने के लिये प्रोत्साहित करना है।



सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरी तन्मयता से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों के नियमित संचालन तथा विद्यालय में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने कहा कि पढ़ाई को बच्चों के लिए रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक बनाएं, जिससे वह उत्साह के साथ विद्यालय आएं।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सिद्धांतों को विस्तारपूर्वक बताते हुए छात्रों से अंधविश्वास से दूर रहने की समझाईस दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्रा ने अपने उद्बोधन में तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। डी.पी.सी. राजेश तिवारी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की उपलब्धियॉं एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना से अवगत कराया गया।

स्कूल चले हम अभियान को जन आन्दोलन में बदलने के लिये 18 से 20 जून 2024 तक जिले के सभी सरकारी स्कूलों में जन समुदाय की सहभागिता में ''भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। जिसमें सांसद, विधायकगण, कलेक्टर सहित विशिष्ट नागरिक, समस्त प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारी इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

आज के कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा, सी.एम.राईज स्कूल के प्राचार्य सुभाष पटेल, एडीपीसी, एपीसी, बीआरसीसी, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शासकीय विद्यालय भदौरा में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

**सीधी।** स्कूल चलें हम अभियान 2024 के अंतर्गत कुसमी ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी रमेश पनाड़िया एवं सहायक आयुक्त डॉ डी के द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश शासन व स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 18,19 एवं 20जून को आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। उक्त आदेश के परिपालन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा में भी धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया गया।




जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह एवं सहायक आयुक्त डॉ डी के द्विवेदी ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करके स्कूल चलें हम अभियान 2024 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्व प्रथम मां वीणा वादिनी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत नए प्रवेश वाले बच्चों का स्वागत टीका लगाकर कर किया गया। तत्पश्चात बबच्चों को पुस्तक का भी वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बृजेश कुमार पनिका, बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, विद्यालय का स्टाफ चिंतामणि पनिका, सुषमा पटेल, रश्मि शुक्ला, दिलीप सेन उमाशंकर सोनी, रूही सौदागर, अर्कजानंदन मिश्र अवनीश पाण्डेय, आराधना गुप्ता, अंजू यादव, कृष्णपाल यादव शिवकुमार साकेत, वृहस्पति साकेत, लालमणि पड़वार, रामधारी पनाडिया, देवेंद्र सिंह, संगीता पनाडियां, सत्यप्रकाश शुक्ला,समाज सेवी जीतेंद्र कुशवाहा एवं बड़ी तादाद में अभिभावक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप तिवारी द्वारा किया गया।

# विद्यार्थी प्रतिभा के धनी, प्रतिभाओ को निखारने की आवश्कता : कमिश्नर

**शहडोल।** खूब पढ़ेंगे और आगे बढ़ेगे कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा कि विद्यार्थियों में कुछ न कुछ प्रतिभा जैसे गायन, खेल, पढ़ने जैसी अन्य प्रतिभाएं अवश्य होती है, विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियां भी जरूरी है। कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन के साथ शिक्षा दें और उनका भविष्य बनाए। उक्त विचार कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज मानपुर तहसील के एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजौरी में स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। कमिश्नर ने कहा कि बच्चों की शिक्षा कैसी चल रही है यह देखने के लिए अभिभावको भी स्कूल आना चाहिए।

# कन्या शिक्षा परिसर की प्राचार्य की मनमानी से छात्राओं की भविष्य के साथ खिलवाड़

**सीधी।** ज्ञात हो कि सरकारों द्वारा बालिकाओं के लिए नित नए योजनाओं को संचालित कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ का नारा बुलंद करती हैं लेकिन जब हकीकत में देखा जाता हैं तो खोखला नजर आता है एक ऐसा ही मामला कन्या शिक्षा परिसर पनमार में देखने को मिला जहां आज सैकड़ो छात्राओं को लेकर छात्र नेता शिवम् शुक्ला ने आज से शुरू हो रहें प्रवेश उत्सव में सी एम राइस स्कूल में सांसद सीधी एवं कलेक्टर को प्राचार्य की मनमानी से अवगत कराते हुए कहा कि कन्या शिक्षा परिसर की आदिवासी छात्राओं का भविष्य लगभग अंधकार में तब्दील कर दिया गया जहां सी.बी.एस.सी के कई भाग होते हैं जैसे गणित विशिष्ट गणित सामान्य होती है जबकि छात्राओं को गणित सामान्य की किताबे पढ़ाई गई लेकिन परीक्षा गणित विशिष्ट की दिला दी गई जिसमें लगभग 150 छात्राओं में कुल सात छात्राए उतरीर्ण हो सकी जबकि प्राचार्य की मनमानी से छात्राओं द्वारा कई बार लिखित शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई छात्राओं की गणवेश आज तक उपलब्ध नहीं कराई हैं शासन द्वारा संचालित एक हजार की कीट प्रदान की जाती रही लेकिन इनके कार्यकाल में मात्र तीन सौ रुपए की सामग्री मिल पाईं है जबकि छात्राओं को स्टेस्नरी के रूप में हर वर्ष 2 हजार दी जाती रही परन्तु प्राचार्य रेखा सिंह द्वारा मात्र सात सौ रुपए ही दी गईं है।

# अंधविश्वास बना मौत का कारण? मैहर मंदिर की पहाड़ी के पीछे मिले 3 नर कंकालों की सुलझी गुत्थी, पर्स से खुला राज

**सीधी/मैहर।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में मंदिर की पहाड़ी के पीछे रविवार को मिले तीन नर कंकालों की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। तीनों ने करीब पांच महीने पहले सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली थी। कंकालों पर मिले कपड़ों और एक ज्वैलर का नाम-पता लिखे पर्स से पुलिस ने मृतकों के परिजनों को तलाश लिया और मामले का खुलासा कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से पूजा-पाठ की सामग्री भी बरामद हुई है। लिहाजा, प्रथमदृष्ट्या यह मामला अंधविश्वास और तंत्र साधना से जुड़ा नजर आ रहा है। बहरहाल, पुलिस की टीम इस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीधी जिले के रामगढ़ की रहने वाली 56 साल की छुटकी और उसके 28 साल के बेटे दीपक साकेत और 30 साल के राजकुमार साकेत ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस की एक टीम जब मृतकों के घर का पता लगाते हुए रामगढ़ पहुंची, तो वहां छुटकी का पति शेषमणि साकेत मिला। उसने बताया कि करीब पांच माह पहले तीनों मैहर गए थे। अक?सर 10 से 20 दिन वहां रुकने के बाद घर लौट आते थे। मगर, इस बार जब 30 जनवरी को घर से गए, तो फिर वापस लौटे ही नहीं। शेषमणि ने बताया कि उसे अस्थमा है, इसलिए वह अपने गांव रामगढ़ में ही रहता था। शेषमणि ने बताया कि छुटकी और दोनों बेटे को ढूंढ़ने के लिए साले और दामाद को तीन बार मैहर भेजा। मगर, उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। मुझे लगा कहीं बैठकर माता का ध्यान कर रहे होंगे। इसी वजह से मैहर और सीधी के किसी थाने में हमने इसकी शिकायत भी दर्ज नहीं कराई। किसी दूसरी जगह भी उन्हें ढूंढने के लिए इसलिए नहीं गए क्योंकि वो कभी कहीं नहीं जाते थे।

पुलिस को शेषमणि ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य घर में मां शारदा की पूजा कई वर्षों से करते रहे हैं। छुटकी और राजकुमार को मां शारदा की सवारी आती थी। यह घर में पूजा करते समय समस्या का समाधान करते रहे। यह सिलसिला पिछले 12 बर्ष से चलता आ रहा है। मैं शुरुआत के तीन साल तक दोनों बच्चों और पत्नी के साथ मैहर जाता था। उस समय करीब दस दिन तक वहां रहकर सभी वहां पूजा करते थे। हमने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी घटना होगी। पांच महीनों से यही सोच रहे थे कि वे भक्ति में लीन होंगे। हर रोज सुबह सोचता था कि आज शायद वे लौट आएंगे। मगर, अब उनके कंकाल मिलने के बाद ये आस भी टूट गई है। शेषमणि ने बताया कि बेटा राजकुमार मिस्त्री (घर बनाने) था और दीपक कम्प्यूटर की दुकान में काम करता था। करीब पांच महीने पहले एक फरवरी को आखिरी बार बात हुई, तो घर के हालचाल और खेत में लगे गेहूं काटने को कहा था। इसके बाद राजकुमार और दीपक दोनों के मोबाइल बंद हो गए। इसके बाद फिर बात नहीं हुई। मैहर के सीएसपी राजीव पाठक ने कहा कि शेषमणि ने बताया कि तीनों खाने-कमाने के मकसद से अक्सर मैहर आते थे। वे अक्सर ऐसा करते थे, इसलिए घर वालों ने भी पुलिस में कोई गुमशुदगी ये सोचकर दर्ज नहीं कराई कि कुछ दिन बाद वे लौट आएंगे। कंकाल में तब्दील हो चुके शवों की शिनाख्त में महिला के पास सीधी के एक ज्वेलर्स का नाम-पता लिखा पर्स जरिया बन गया। उस ज्वैलर से बात करने के बाद महिला के बारे में जानकारी मिली। इसके साथ ही मैहर देवी मंदिर के पास प्रसाद की दुकान चलाने वाले एक दुकानदार ने भी पुलिस को एक मोबाइल नंबर दिया था। पुलिस ने जब उस नंबर पर संपर्क किया, तो महिला के पति के बारे में जानकारी मिल गई।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
लो.नि.वि.(पी.आई.यू.), सम्राट चौक, सीधी (म.प्र.)
Email-ID- piusidhi@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक. 01/एस.ए.सी./कार्य.यं./भवन./ सीधी/193 सीधी, दिनांक 06.06.2024

**संक्षिप्त निलामी सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लोक निर्माण विभाग (भवन) जिला सीधी अन्तर्गत चल रहे सी.एम. राईज भवन के निर्माण स्थल पर पुराने/जीर्ण शीर्ण भवनो को जानमाल की क्षति की संभावना को देखते हुए ध्वस्तीकरण किया जाना है, भवन का ध्वस्तीकरण निम्न शर्तो के अनुसार किया जावेगा :-

1. भवन जो जैसी हालत मे है ध्वस्तीकरण कर सामग्री कार्यस्थल से 7 दिवस के अंदर उठाना अनिवार्य है सात दिवस के अंदर कार्य स्थल से सामग्री नही हटाई गई, तो उच्चतम बोलीकर्ता से 10 प्रतिशत प्रत्येक दिन के हिसाब से राशि वसूली की जावेगी।
2. बोली की राशि लिफाफा पद्धति मे पंजीकृत डॉक द्वारा दिनांक 27.06.2024 को 5 बजे सांय काल तक कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो0नि0वि0 सीधी के नाम प्राप्त की जावेगी। जिसके अन्दर दो लिफाफे होगें पहले लिफाफे मे धरोहर राशि दूसरे लिफाफे मे बोली की राशि शब्दो एवं अंको मे उल्लेखित करना होगा।
3. धरोहर राशि जिसका ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लो0नि0वि0 सीधी के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बोलीकर्ता को जमा करना होगा। ड्राफ्ट एवं एफ.डी.आर. निर्धारित राशि का होने पर ही प्राप्त बोलीकर्ता का लिफाफा दिनांक 01.07.2024 को खोला जावेगा।

4- उच्चतम बोलीकर्ता की राशि उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा दिनांक 04.07.2024 को ड्राफ्ट के रूप मे राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी एकजाई रूप से कार्यपालन यंत्री (भवन) लो0नि0वि0 सीधी के नाम पर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली उसी दिन को निरस्त मानी जावेगी और धरोहर राशि राजसात की जावेगी।

| क्र. | शासकीय भवन | न्यूनतम बोली की राशि | कोटेशन लिफाफा पद्धति द्वारा | कोटेशन जमा करने का स्थान एवं समय | धरोहर राशि | कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 1 | सी.एम.राईज मझौली के निर्माण स्थल पर विद्यमान पुराने भवनो का ध्वस्तीकरण कार्य | 5.06 लाख | पंजीकृत डॉक द्वारा | कार्यपालन यंत्री (भवन) लो.नि.वि. सीधी | 1,26,500.00 | 27.06.24 सांय 5.00 तक |
| 2 | सी.एम.राईज कुसमी के निर्माण स्थल पर विद्यमान पुराने भवनो का ध्वस्तीकरण कार्य | 3.69 लाख | पंजीकृत डॉक द्वारा | कार्यपालन यंत्री (भवन) लो.नि.वि. सीधी | 92,250.00 | 27.06.24 सांय 5.00 तक |

जी-11988/24

**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
**लो.नि.वि. सीधी ( म.प्र. )**

## संपादकीय

### जी7 : भारत को क्या हासिल

दुनिया की औद्योगिक और बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के सम्मेलन जी 7 में भारत के संदर्भ में यह सवाल पूछा जाना वाजिब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मेजबान इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी के साथ सेल्फी खिंचवाने, मेलोनी का नमस्ते करके उनका स्वागत करने और दोनों के मिलकर ठहाका लगाने के अलावा और क्या हासिल है? भारत जी 7 का सदस्य नहीं है, फिर भी बतौर आमंत्रित उसे इस सम्मेलन में बुलाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार पद की शपथ लेने के बाद इटली इस सम्मेलन में भाग लेने गए थे। मोदी भक्तों ने इस सम्मेलन की सफलता इस बात में आंकी कि वहां मोदी ने मेलोनी के साथ सेल्फी खिंचवाई, जिसे वायरल किया गया। महज 9 घंटे के अंतराल में वीडियो क्लिप को 20.2 मिलियन से अधिक बार देखा और सोशल साइट एक्स पर 64 हजार से अधिक बार रीपोस्ट किया गया। यही नहीं, आमंत्रित होने के बाद भी मोदी को मंच पर बीच में जगह मिली, जो विश्व में भारत के बढ़ते सम्मान और आर्थिक ताकत के रूप में स्वीकृति है। जी 7 संगठन मूलतः दो वैश्विक महाशक्तियों रूस और चीन के खिलाफ एक अमेरिकानीत गठजोड़ है जो इन दोनों महाशक्तियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से काम करता है। जहां तक भारत की बात है तो उसके जी7 देशों और रूस से भी अच्छे सम्बंध है, इसलिए भारत रूस के खिलाफ किसी अंतरराष्ट्रीय मोर्चाबंदी में खुले तौर पर भाग नहीं ले सकता। अलबत्ता चीन के विरूद्ध ऐसी किसी भी गोलबंदी में वह सहयोग करने के लिए तैयार है। यही बात सम्मेलन की कार्रवाई से स्पष्ट होती है। सम्मेलन में जो घोषणा हुई, उसमें सबसे महत्वपूर्ण भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण को लेकर प्रतिबद्धता को दोहराना तथा वैश्विक न्यूनतम कर आधार के जरिये एक निष्पक्ष अंतराष्ट्रीय कराधान प्रणाली को अपनाना है। इसके लिए सभी सदस्य देशों से राजनीतिक इच्छाशक्ति व्यक्त करने की अपेक्षा की गई है। भारत के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि भारत पश्चिम एशिया यूरोप कॉरिडोर का जो प्रस्ताव पश्चिम एशिया में हमास इजराइल युद्ध के कारण ठंडे बस्ते में चला गया था, वह फिर से ताजा हो गया है। दुनिया के सात शीर्ष औद्योगिक देशों के समूह जी7 के शिखर सम्मेलन के अंत में जारी साझा वक्तव्य में भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है। यह समूचा कॉरिडोर दर असल चीन के 'वन बेल्ट वन रोड' जैसी महत्वाकांक्षी योजना का तगड़ा जवाब है। लेकिन इस कॉरिडोर का निर्माण बहुत आसान नहीं है। इसके सम्बंधित देशों की ठोस प्रतिबद्धता चाहिए।

# छात्र विदेश में पढ़ना क्यों पसंद करते है और उससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पढ़ता है?

**अशोक भाटिया**

आजकल 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा छात्र विदेश में पढ़ाई के लिए जा रहे हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रति आकर्षण को शक्तिशाली अभियान द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पलायन के पीछे क्या कारण हैं? भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ रहा है? इस पलायन का एक कारण स्नातक होने के बाद भारत में नौकरी पाने का संघर्ष है। छात्रों का मानना है कि विदेश में बेहतर जीवन जीने की गुंजाइश है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, वे आर्थिक और शैक्षणिक रूप से अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए वहाँ रहना जारी रखते हैं। दूसरा पहलू कई विदेशी देशों में उदार जीवनशैली है, जो छात्रों को एक स्तर की स्वतंत्रता प्रदान करती है जो उनके घरों में संभव नहीं हो सकती है। तीसरा पहलू पढ़ाई के दौरान कमाई की संभावना है।यह भी माना जाता है कि विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई करना भारतीय संस्थान में पढ़ाई करने से ज्यादा प्रतिष्ठा वाला होता है। यह भी सच है कि प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों में प्रवेश मुश्किल है और केवल कुछ प्रतिशत छात्र ही सीट पा पाते हैं। विदेशों में कॉलेजों में प्रवेश की अपेक्षाकृत आसानी के कारण, ज्यादा छात्र उच्च शिक्षा के अपने सपने को पूरा करने में सक्षम होते हैं।राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य भारतीय विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान पर ध्यान केंद्रित करके विदेशी विश्वविद्यालयों के बराबर लाना और विविध क्षेत्रों में सीखने के समान अवसर प्रदान करना, बेहतर शिक्षक प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे का विकास करना है। लेकिन इसे लागू करने और प्रभावी होने में समय लगेगा। जबकि भारत अनुसंधान-आधारित शिक्षा स्थापित करने की चुनौतियों पर काबू पा रहा है, छात्र ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र खोजने के लिए विदेश जाना पसंद करते हैं।

वैसे देखा जाय तो विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है। जिस रफ्तार से पढ़ाई और रोजगार की तलाश में युवा शक्ति का पलायन हो रहा है,उसे अगर समय रहते नहीं रोका गया तो अपने देश के आर्थिक विकास के लिए बुद्धि एवं कौशल युक्त श्रम शक्ति की समस्या भी खड़ी हो सकती है।

उदारीकरण, स्थिरीकरण और निजीकरण पर आधारित अपनी आर्थिक नीतियों के कारण भारत तेजी से आर्थिक विकास करते हुए दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद भी शिक्षा की पद्धति में बरकरार खामियों की वजह से भारतीय छात्रों के पलायन का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

यदि राज्यवार आंकड़ा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों में 12 प्रतिशत पंजाब से,



12 प्रतिशत ही आंध्र प्रदेश से और 8 प्रतिशत विद्यार्थी गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में चार युवा और गुजरात से प्रति हजार में कम से कम तीन युवा विदेश में हर साल पढ़ने के लिए गए हैं। यदि वर्ष 2016 से वर्ष 2022 की संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी चिंताजनक दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 16 प्रति हजार है।

किसी भी देश की पहचान उसके नागरिकों से होती है। शिक्षित, समर्थ, कुशल, सक्षम नागरिक तो समर्थ और सक्षम देश। भारत अरसे से अपनी क्षमताओं का एहसास कराने वाला देश बना हुआ है। भारतीय मेधा ने नए जमाने के आईटी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आश्वस्ति हुई है कि शिक्षा के क्षेत्र में जोरदार प्रयास किया गया तो भारत उन्नति के रास्ते पर सरपट आगे निकल सकता है। लेकिन इस हकीकत से कैसे मुंह चुराया जा सकता है कि अच्छी शिक्षा, सार्थक शिक्षा तथा रोजगार सृजन के रास्ते में आ रही अड़चनों को नहीं हटाए जाने के कारण भारतीय युवा बड़ी तादाद में पढ़ने के लिए विदेशों की ओर भाग रहे हैं और इसके साथ ही देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी विदेशों को जा रही है।

ऐसा प्रायः देखने को मिलता है कि माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर युवाओं को विदेशों में पढ़ने के लिए भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश में आती थी। विदेश में अच्छी पढ़ाई के क्रेज के चलते यह प्रक्रिया उलट गई है। अब विदेशों से धन आने के बजाय भारत से विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख से ऊपर होगी और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि और 80 अरब डॉलर से अधिक पहुंच जाएगी तो यह देश के लिए एक तरह से संकटकारी स्थिति का कारण बन सकता है।

पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में देश में प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो वर्ष 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटे तौर पर शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में पिछले 30 वर्षों में 10 गुना से भी अधिक की वृद्धि हुई। यदि उच्च शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43,796 महाविद्यालय और 11,296 अन्य स्वतंत्र संस्थान हैं। देश के उच्च संस्थानों में लगभग 15 लाख शिक्षक कार्यरत हैं। देश में केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय और डीम्ड विश्वविद्यालय भी हैं। प्रबंधन, मेडिकल और इंजीनियरिंग के भी ढेर सारे संस्थान हैं।

पूर्व में गए कुछ विद्यार्थियों की सफलता को रोल मॉडल मानते हुए आज के युवा पलक झपकते सब कुछ पा लेने की होड़ में विदेशी संस्थाओं के लिए भाग तो रहे हैं लेकिन उन्हें इस बात का अहसास नहीं हो रहा है कि विदेशी शिक्षा संस्थान वर्तमान में खुद का अस्तित्व बचाने के लिए सस्ती कीमत पर भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से प्रवेश दे रहे हैं। एक बार प्रवेश देने के बाद वे संस्थान भारतीय विद्यार्थियों को बेतहाशा लूट रहे हैं। हाल ही में कई ऐसे संस्थानों की खबरें आई हैं जिनका शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है, शिक्षा के नाम पर दुकान खोलकर बैठे हैं। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है ताकि वह विदेश में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गंवाएं। देश के जो अनभिज्ञ युवा विदेश में शिक्षा के नाम पर ठगे जा रहे हैं उन्हें इस समस्या से बचने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए साथ ही समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भी इस समस्या के हाल के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी पहल करनी चाहिए। अब समय आ गया है कि सरकार भारतीय युवाओं के पलायन और उनके माता-पिता की गाढ़ी कमाई विदेश में जाने से रोकने हेतु एक विस्तृत और व्यापक कार्य योजना के साथ आगे आए, ताकि भारतीय उद्योग धंधों को कुशल श्रम शक्ति उपलब्ध होती रहे तथा भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा ना आए।

# टेस्ट मैच के खिलाड़ी नीतीश ! अंतिम गेंद तक बनाते हैं रणनीति

**नीतीश कुमार दो ध्रुवी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। काफी संयमित होकर हर छोर की राजनीति के साथ समन्वय बना कर चलते हैं। हाल ही में फ्लाइट में तेजस्वी यादव को पीछे से अपने साथ बिठाने का कोई एक मकसद नहीं था। एक तो भाजपा का कान खड़खड़ाए और दूसरा ये कि धुर विरोधी तेजस्वी यादव से संवादहीनता न आए। नीतीश कुमार की राजनीति का एक पहलू ये भी है कि संख्या बल का दबाव सहयोगी दल पर बना रहे। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी के 'पीएम पद का ऑफर' वाले बयान को इससे जोड़ कर देखा जा सकता है। इस बयान का मतलब इंडिया गठबंधन की तरफ एक खिड़की खोलना भी है। वैसे भी क्रिकेट की भाषा में बात करें तो नीतीश कुमार टेस्ट मैच के खिलाड़ी रहे हैं। बल्लेबाजी धीमी करते हैं।**

(रमाकांत चंदन)

राजनीति में कोई हमेशा न तो दोस्त होता है और न ही दुश्मन। इस बात का एहसास बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने धुर विरोधी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दो-दो बार सरकार बना कर पुष्ट कर डाला। 'अविश्वसनीय राजनीति' के साथ नेशनल पॉलिटिक्स में सीधी दखलंदाजी वाली पाली पर विराम लगाते ही, नीतीश कुमार की चुप्पी को सियासी गलियारों में आवाज मिलने लगी है। इस आवाज को तब बल मिला, जब एक फ्लाइट में सफर कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने बगल में बिठा लिया। ये वो समय था, जब केंद्र में मंत्रियों की संख्या और विभाग को लेकर जदयू की राजनीति के स्वर मध्यम हो गए थे।

क्या इंडिया गठबंधन की तरफ देख रहे नीतीश?

नीतीश कुमार दो ध्रुवी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। काफी संयमित होकर हर छोर की राजनीति के साथ समन्वय बना कर चलते हैं। हाल ही में फ्लाइट में तेजस्वी यादव को पीछे से अपने साथ बिठाने का कोई एक मकसद नहीं था। एक तो भाजपा का कान खड़खड़ाए और दूसरा ये कि धुर विरोधी तेजस्वी यादव से संवादहीनता न आए। नीतीश कुमार की राजनीति का एक पहलू ये भी है कि संख्या बल का दबाव सहयोगी दल पर बना रहे। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी के 'पीएम पद का ऑफर' वाले बयान को इससे जोड़ कर देखा जा सकता है। इस बयान का मतलब इंडिया गठबंधन की तरफ एक खिड़की खोलना भी है। वैसे भी क्रिकेट की भाषा में बात करें तो नीतीश कुमार टेस्ट मैच के खिलाड़ी रहे हैं। बल्लेबाजी धीमी करते हैं। ट्वेंटी-ट्वेंटी की तरह हर बॉल पर छक्का मारने की फिराक में नहीं रहते। ये नीतीश कुमार की डिफेंसिव तकनीक है। इन्हें नो बॉल का इंतजार रहता है, जहां गलत शॉर्ट पर आउट होने का खतरा भी नहीं और तुक्का लगा तो छक्का।

**बिहार की राजनीति में 9वीं बार सीएम बनने की 'तकनीक'** - मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति में परिवर्तन के संकेत अक्सर संभावनाओं से परे रहे हैं। बिहार के संदर्भ में गठबंधन का टूटना और नया एलायंस बना लेने में नीतीश कुमार को 'एक्सपर्ट' के तौर पर ट्रीट किया जाता है। हालांकि, पहली बार राजद के साथ सरकार बनाने में समय लिया। नीतीश कुमार के नेतृत्व में 22 फरवरी 2015 को सरकार बनी। 10 महीने बाद 20 नवंबर 2015 में नीतीश कुमार फिर मुख्यमंत्री बने। परंतु, इस बार जदयू अकेली नहीं थी। यहां लालू यादव की पार्टी राजद के साथ उन्होंने महागठबंधन की सरकार बनाकर सीएम पद की शपथ ली थी। ये पहली बार था, जब जदयू और राजद सत्ता में साथ आई थी।



राजद का साथ छोड़ कर भाजपा के साथ सरकार बनाने में लगभग 20 महीने का अंतराल आया। यानी 26 जुलाई 2017 को एक बार फिर राजद को छोड़कर भाजपा के साथ राजग की सरकार बनाई। राजग की ये सरकार ढाई साल चली थी। इसके बाद 16 नवंबर 2020 को विधानसभा चुनावों के बाद नीतीश कुमार ने फिर से जदयू-भाजपा (एनडीए) की सरकार बनाई और मुख्यमंत्री बने। इसके दो साल बाद जदयू-भाजपा के रिश्तों में खटास आ गई। नीतीश ने 10 अगस्त 2022 को फिर से लालू यादव की पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने जदयू-राजद के गठजोड़ से महागठबंधन की सरकार बना ली। बिहार में 2022 के बाद महागठबंधन की सरकार करीब दो साल चली। नीतीश कुमार ने एक बार फिर बाजी पलटते हुए 28 जनवरी 2024 को जदयू-भाजपा (एनडीए) की नई सरकार बना ली है।

इंडिया गठबंधन की तरफ देखने की वजह?

ये तो नीतीश कुमार ही बता सकते हैं कि इंडिया गठबंधन की तरफ देखेंगे या नहीं। लेकिन इस गठबंधन की तरफ देखने की वजह तो है। आइए जानते हैं-

मन मुताबिक विभाग नहीं मिला। रेल, वित्त, कृषि, स्वास्थ्य जैसे बड़े बजट वाले विभाग की इच्छा पूरी नहीं। सांसदों की संख्या और राजनीतिक जरूरत के आधार पर मंत्री पद की संख्या और विभाग जदयू के भीतरी दबाव को बढ़ा रहा।

विभाग के बने मंत्री में उत्साह नहीं दिखता।

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का ये कहना विभाग कोई खराब और अच्छा नहीं होता।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का कहना विभाग का नाम सुनकर दिमाग खराब हो गया।

कार्यकर्ताओं में भी विभागों को लेकर उत्साह नहीं।

बिहार के सीएम नीतीश का बॉडी लैंग्वेज

पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जो विनम्रता भरा बॉडी लैंग्वेज है, वो एनडीए के साथ जुड़े रहने का संकेत करता है। सदाशयता भी इतनी कि नमो को जरूरत से ज्यादा सम्मान दिया। राजनीति की भाषा की बात करें तो ये सियासत की विकल्पहीनता की ओर इशारा करता है। मगर, सवाल उठता है कि सामने कोई और विकल्प हो तब। याद कीजिए, नीतीश कुमार की झुझलाहट भरा संवाद मिट्टी में मिल जाएंगे, भाजपा में नहीं जाएंगे संघ मुक्त भारत बनाएंगे। लेकिन, ये सारे अंदाज धरे रह गए और अब तो भाजपा के साथ चीनी और पानी की तरह मिलते दिखते हैं।

क्या नीतीश के लिए परीक्षा की घड़ी है?

राजनीति की कई सूरत दिखाने वाले नीतीश कुमार के लिए वर्तमान समय परीक्षा की घड़ी है। ये उनके राष्ट्रीय राजनीति और सेकुलर पॉलिटिक्स का समझने का समय है। अब ये इंडिया गठबंधन पर भी निर्भर करता है कि वे नीतीश कुमार का बेहतर इस्तेमाल कर सेकुलर राजनीति के वफादार बनेंगे या सत्ता के शीर्ष पर बने रहने की जिद् के साथ। दूसरा सवाल ये है कि भाजपा की तरफ से कोई नो बॉल तो आए? लेकिन इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के बीच का 'खेला' अभी बाकी है। ये वो समय भी नहीं, जहां नीतीश कुमार की परीक्षा हो सके। लेकिन लोकसभा में संख्या बल का गणित जब सिर चढ़ कर बोलेगा, तब वो समय नीतीश कुमार की राजनीति की अग्निपरीक्षा की समय होगी।

## वर्ग पहेली 5405

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | 8 | | |
| 9 | | | 10 | 11 | | | 12 |
| | | 13 | | | | 14 | |
| 15 | 16 | | | | | 17 | |
| | | | 18 | | 19 | | |
| 20 | | 21 | | | 22 | | 23 |
| 24 | | | | 25 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1877 को पैदा हुए थे ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री (7)
7. जलपक्षी, जलाशयों के समीप रहने वाले पक्षी (4)
8. निशान, चिन्ह, परीक्षा में प्राप्त अंक (2)
9. निर्णीत, ठहराया या निश्चित किया हुआ (2)
10. र वर्ण बोधक अक्षर (3)
14. एक प्रकार का सत जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वो ने दुहा था (2)
15. परिचर्या, खिदमत, सेवा-सुश्रुषा (3)
17. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, गायन (2)
18. यह क्षेत्र कोयला खनन के लिए प्रसिद्ध है (4)
20. तमाशा देखने वाला व्यक्ति (4)
22. डाला जाना, छोड़ा जाना (3)
24. जो रिश्ते में पति की बहन हो (3)
25. अशुचि, पवित्र, पुनीत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
2. घुलना, विलय होना, समा जाना (3)
3. समुद्र में उत्पन्न एक जंतु का खोल, समुद्री घों जिसे हिंदू धर्म के लोग पवित्र मानते है (2)
4. किनारे पर, समीप, मेड, कारनिस (3)
5. संख्या, हिसाब, लेखा, गिनती (3)
6. लिपिक, हिसाब-किताब एवं पत्राचार करने वाला कर्मचारी, बाबू (2)
11. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
12. तपस्या, तप, पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
13. एक प्राचीन शस्त्र, कंटका, विकट पीड़ा (2)
14. प्रकाश झा निर्देशित बनी अजय देवगन द्वारा अभिनीत एक प्रसिद्ध सफल फिल्म (4)
16. पवनपुत्र, केसरी नंदन (4)
18. यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, एक प्रकार की छोटी सरसों (2)
19. नेपाल और बिहार में बहने वाली एक नदी (3)
20. शरीर, देह, काया (2)
21. हर्षित, खुशी, प्रसन्न (2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

### वर्ग पहेली 5404 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | | स | र | ह | द |
| म | | नू | | मा | इ | ड | |
| ती | अ | न | बा | ई | | स | पा |
| | ल | व | | | मा | न | व |
| गो | द | ना | | स | ही | | र |
| दा | | ना | दा | न | | म | हा |
| व | | | गी | | भा | | उ |
| री | ड | र | | दे | व | दा | स |

# सालभर चलाया जाए नमामि गंगे अभियान

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर 5 से 15 जून तक नमामि गंगे अभियान चलाया गया। इस अभियान में उज्जैन शहर के 12 तालाब और 13 प्राचीन बावड़ियों को शामिल किया गया। इसमें उनका रखरखाव, संरक्षण और गहरीकरण और स्वच्छता अभियान पर धान दिया गया। किन्तु मात्र 11 दिनों के अभियान से कुछ विशेष होने वाला नहीं है। इसके लिए पूरे सालभर अभियान चलाने की आवश्यकता है।

**12 तालाब और 13 बावड़ियों में किया गया काम** – नमामि गंगे अभियान के अन्तर्गत उज्जैन शहर के सप्तसागरों के साथ ही कमल तलाब, हीरामिल का तालाब, इंजीनियरिंग कॉलेज का तालाब, विक्रम सरोवर और पुलिस लाईन स्थित तालाब को शामिल किया गया था। इसके साथ ही 13 प्राचीन बावड़ियों को भी अभियान के अन्तर्गत लिया गया था। इस अभियान के अन्तर्गत श्रमदान और स्वच्छता अभियान को प्रमुख रूप से शामिल किया गया था। उक्त 11 दिन में वास्तव में क्या काम हुआ ? यह तो बाद में पता चलेगा।

**सप्तसागरों का किया जाए सीमांकन**– उज्जैन में सप्तसागर अत्यन्त प्राचीन और लोगों की आस्था के केन्द्र है। नगर निगम उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष श्री सोनू गेहलोत के प्रयासों से सप्तसागरों में कुछ सागरों में अच्छा काम किया गया है, जो सराहनीय है। किन्तु सप्तसागरों में से कई तालाब ऐसे हैं, जो अत्यन्त ही अतिक्रमण से ग्रसित है। एक तालाब तो केवल बावड़ी के रूप में बचा है। उसके चारों ओर अतिक्रमण हो गए हैं। इसलिए आवश्यकता यह है कि पौराणिक महत्व के इन समस्त 7 तालाबों का सबसे पहले पुरानी अभिलेख देखकर सीमांकन किया जाए। सीमांकन में आने जाने वाले अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए और सभी सप्तसागरों की बाउंड्रीवॉल बनाए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सप्तसागरों का गहरीकरण और सौन्दर्यीकरण भी किए जाने की जरूरत है। सप्तसागरों के साथ ही अनेक प्राचीन तालाबों का भी गहरीकरण और सौन्दर्यीकरण किये जाने की आवश्यकता है।

**प्राचीन बावड़ियों की हो मरम्मत** - उज्जैन में 13 प्राचीन बावड़ियाँ हैं। सबका अपना-अपना विशिष्ट महत्व है। इसलिए प्रत्येक बावड़ी की मरम्मत, गहरीकरण, साफ-सफाई, सौन्दर्यीकरण, सीमांकन और बाउंड्रीवॉल बनाए जाने की अडॅावश्यकता है। इससे सभी प्राचीन बावड़ियाँ सुरक्षित हो सकेगी और आगे आने वाली पीढ़ी इसे देख सकेगी। यह भावी पीढ़ियों के लिए विरासत है।

**पूरे सालभर चले अभियान** - नमामि गंगे अभियान मात्र 11 दिन चला। यह पर्याप्त नहीं है। इसमें बस औपचारिकता की ही पूर्ति की जा सकती है। कोई ठोस काम नहीं किया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि इस अभियान की सालभर की अच्छी तरह से पहले कार्ययोजना बनाई जाए और सालभर के अंदर उसे ठोस अंजाम दिया जाए, तभी यह सार्थक सिद्ध होगा अन्यथा औपचारिकता ही कही जायेगी।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आपका गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण आपको तनाव हो सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। आपको दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें आपकी विजय होगी।

### वृषभ

आज आपको ऑफिस में कुछ अतिरिक्?त कार्यभार दिया जा सकता है। ऑफिस में आपके काम को काफी तवजजो मिलेगी। कोई नया काम आपको सौंपा जा सकता है। घरेलू मोर्चे पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। हो सकता है कोई ठोस सलाह आपके काम आएगी और आपको लाभ होगा।

### तुला

आज का दिन सच्?चाई और सतर्कता से भरा होगा और आपको पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति आने पर क्रोध पर काबू रखें तो सब कुछ अच्?छा होगा। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी और आपको राजकीय मदद भी मिलेगी।

### वृश्चिक

आज का दिन शुभ है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल प्रियजनों से भेंट करें और सैर सपाटे में आपका मन लगेगा।

### मिथुन

आज खास लाभ होगा और आज आपको कुछ जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं। चलते फिरते भी अचानक में कोई प्रियजन मिल सकता है जिसकी तत्काल मदद भी आपको करनी होगी। आपके जीवन में कुछ कठिनाई आ सकती हैं और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा।

### कर्क

आज दिन सफलता से भरा होगा और सभी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण हो जाएंगे। कृपया दूसरों के लिए अच्छा जरूर सोचें और करें भी। आज आपको जरूरी कार्य को पूरा करने के लिए बाहर भी जाना पड़ सकता है। आज शाम को कुछ जरूरी खर्च आपके सामने आ सकते हैं।

### धनु

आज आपका गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण आपको तनाव हो सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। आपको दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें आपकी विजय होगी।

### मकर

आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी और आपको लाभ होगा। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूरे होंगे। धार्मिक स्थानों की यात्रा का मन बना सकते हैं।

### सिंह

आज लाभ होगा और राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। आप अपने सभी दायित?व को पूरा कर पाएंगे। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य भी सम्पन्न होंगे। आज शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा। खानपान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें तो सेहत अच्?छी रहेगी।

### कन्या

आज का दिन सच्?चाई और सतर्कता से भरा होगा और आपको पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति आने पर क्रोध पर काबू रखें तो सब कुछ अच्?छा होगा। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी और आपको राजकीय मदद भी मिलेगी।

### कुंभ

आज अचानक से कुछ बड़े खर्च आपको करने पड़ सकते हैं। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति की खरीद या बेच करने से आपको मुनाफा होगा। सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सांयकाल के समय पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा-पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### मीन

आज आर्थिक लाभ होगा और आपका जीवन आनन्द में बीतेगा। पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरीद पर कुर्बानी से बचाने को 11 लाख में खरीद लिए 127 बकरे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली समेत पूरे देश में सोमवार को बकरीद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। परंपरा के मुताबिक कुर्बानी भी दी गई। इस बीच दिल्ली में 127 बकरों को कुर्बानी से बचाने के लिए कुछ लोगों ने मिलकर 11 लाख रुपए खर्च कर डाले। ना सिर्फ इन बकरों को खरीदा गया बल्कि जीवनभर इनकी सेवा का इंतजाम भी किया गया है। सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, यह पहल पुरानी दिल्ली में स्थित धर्मपुरा जैन मंदिर से जुड़े जैन समाज के कुछ लोगों ने की। दिगंबर जैन लाल मंदिर के प्रबंधन से जुड़े पुनीत जैन ने बताया कि मंदिर से जुड़े युवा जैन संगठन ने यह काम किया। उन्होंने कहा, हर जीव को जीने का हक है। हमसे जो भी सहयोग हो सकता है, जितनी हमारी क्षमता है उसके तहत हमने ऐसा किया। पुनीत जैन ने बताया कि बकरों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्हें दाना-पानी दिया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम सुबह शाम उनकी जांच कर रही है। एक-दो दिन में खतौली के पास एक बकराशाला में भेजा जाएगा, जिसे जैन समाज की ओर से ही संचालित किया जाता है। बकरीद से दो दिन पहले ही मंदिर से जुड़े कुछ लोगों में मन में यह विचार आया। इसके बाद समाज के लोगों को जोड़ने वाले वॉट्सऐप ग्रुप्स में प्लान को साझा करते हुए आर्थिक मदद की अपील की गई। देखते ही देखते 11 लाख रुपए से अधिक की धनराशि जमा हो गई। इस धनराशि से 127 बकरों की खरीद की गई।

### राजधानी दिल्ली में 6 साल बाद गुजरी सबसे गर्म रात, न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में गर्मी और हीटवेव का दौर जारी है। पानी की दिक्कत से भी लाखों लोग त्रस्त हैं। दिल्ली में इस सीजन रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। मंगलवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से छह डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग ने बताया कि यह इस सीजन में अब तक का दर्ज हुआ सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। छह साल पहले न्यूनतम तापमान इतना ऊपर चढ़ा था। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आखिरी बार 13 जून, 2018 को इससे अधिक न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पिछले पांच दिनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से 5-6 डिग्री ऊपर बना हुआ है। मंगलवार को यह 33.8 डिग्री तक पहुंच गया, ऐसी गर्मी छह साल बाद पड़ रही है। तापमान में बढ़ोतरी से रातें गर्म हो रहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ के चलते बुधवार से मौसम के बदलने की उम्मीद है। बुधवार और गुरुवार (19-20 जून) को दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार को बारिश की संभावना ज्यादा है। लेकिन बुधवार देर रात भी वर्षा हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं चलने की भी भविष्यवाणी की गई है। इससे कई हिस्सों में तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। दरअसल, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस या अधिक होता है तो इसे गर्म रात (वार्म नाइट) कहा जाता है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। बल्कि वार्म नाइट के लिए इसका 4.5 डिग्री से अधिक होना जरूरी है। गर्मी के इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान इतना अधिक दर्ज किया गया है। इससे पहले जून 2018 में यह 34 डिग्री तक पहुंचा था।

### रील बनाने के चक्कर में लड़की ब्रेक लगाना भूली, गहरी खाई में गिरी कार ; दर्दनाक मौत

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक लड़की रील बनाने के चक्कर में ब्रेक लगाना भूल गई और ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया। इससे हुआ यूं कि वह कार संग 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। लड़की की दर्दनाक मौत हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार की है और लड़की की पहचान 23 साल की श्वेता सुरवासे के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, लड़की चलाते हुए वीडियो शूट कर रही थी, तब यह हादसा हुआ। सोमवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में लड़की ने रिवर्स गियर में गाड़ी चला रही थी और गलती से उसने एक्सीलेटर दबा दिया। कार खाई में गिर गई और उसकी मौत हो गई। खुतबाबाद पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में सुलिभंजन इलाके में हुई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, युवती कार चलाते हुए वीडियो शूट कर रही थी। जानकारी के अनुसार, श्वेता सुरवासे के दोस्त शिवराज मुले जब वीडियो शूट कर रहे थे, तो उन्होंने गाड़ी चलाने की कोशिश की। दुर्भाग्य से, जब कार रिवर्स गियर में थी, तो उन्होंने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया। इससे कार पीछे की ओर फिसल गई और क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए खाई में जा गिरी। बचावकर्मियों को उस जगह तक पहुंचने में एक घंटे से ज्यादा का समय लगा, जहां कार खाई में गिरी थी। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद युवती को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आईएएस परीक्षा देने आई बेटी को नहीं मिला मौका तो गेट पर लोटने लगी मां

**गुरुग्राम , एजेंसी।** रविवार को देशभर में यूपीएससी-2024 की परीक्षा में लाखों छात्रों ने भाग लिया। गुरुग्राम में एक परीक्षा स्थल पर लड़की सेंटर पर देरी से पहुंची तो उसे अंदर नहीं आने दिया। दुखी होकर लड़की के मां और पिता सड़क पर रोते रहे लेकिन, परीक्षा आयोजकों का दिल नहीं पसीजा। इसका दिल दहला देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लड़की की मां गेट पर लोटती हुई नजर आई और बेटी को अंदर आने की विनती करती रही। उसके पिता को सिर पकड़कर चिल्लाते तो कभी मिन्नते करते देखा जा सकता है। उठकर चिल्लाते हुए वो कहते हैं- शाप लगेगा तुम्हे, भगवान के लिए अंदर आने दो। घटना गुरुग्राम के एक परीक्षा केंद्र के बाहर की बताई जा रही है। बीते रविवार को संघ लोक सेवा आयोग ने देश भर के विभिन्न केंद्रों पर सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 आयोजित की थी। जिसमें लाखों छात्र शामिल हुए। पहला सत्र सुबह 9 बजे शुरू हुआ था। देर से पहुंचने पर एक महिला अभ्यर्थी को गेट के अंदर एंट्री नहीं मिली। जिसके बाद यह पूरा हंगामा हुआ। इस घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो भी सामने आया है। इस वायरल वीडियो को एक्स पर साक्षी नाम की एक यूजर ने शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि लड़की की मां बेहोशी की हालत में गेट पर लोटती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी तरफ लड़की के पिता को रोते-बिलखते देखा जा सकता है।





लड़की क्लिप में कहती हुई दिख रही है, पापा! पानी पियो। क्यों ऐसे कर रहे हो? पापा, हम अगली बार दे देंगे। कुछ ऐसी बात नहीं है। मैं अगले साल परीक्षा में बैठूंगी, यह कोई बड़ी बात नहीं है। रोते-रोते मां-पिता क्या कह रहे रोते हुए पिता कहते हैं, एक साल गया बाबू हमारा। जिस पर वह जवाब देती हैं, कोई बात नहीं! उमर नहीं जा रही है मेरी। अभी मैं जवान हूं। उधर, पिता और बेटी रोती हुई मां को सांत्वना देने का प्रयास करते हैं। लड़की की मां गेट पर लोटती हुई दिखाई देती है। वह बार-बार यही बोलती है कि मैं यहां से नहीं जाऊंगी। सोशल मीडिया पर रिएक्शन इस वीडियो को सोशल मीडिया पर 25 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। दिल दहला देने वाले इस वीडियो पर लोगों के कमेंट की बाढ़ आ गई है। यूजर ने क्लिप के कैप्शन में कहा, दिल दहला देने वाला वीडियो। आज यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के लिए अपनी बेटी के साथ आए माता-पिता की हालत क्या हो गई। क्योंकि देर से आने के कारण उनकी बेटी को अंदर नहीं जाने दिया। एक यूजर ने कहा, नियम यही है, रिपोर्टिंग समय के बाद किसी को भी अनुमति नहीं है। एक व्यक्ति ने लिखा, मैंने कल परीक्षा में हिस्सा लिया था। उन्होंने मुझे सुबह 9 बजे के बाद भी अंदर जाने की अनुमति दी। लेकिन कुछ कॉलेजों में यह इंचार्ज पर निर्भर करता है।

## रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक पद से दिया इस्तीफा, फिलहाल बने रहेंगे मंत्री

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सबसे वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया है। बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को अपना इस्तीफा सौंपा है। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर, प्रेम प्रकाश पांडे, राजेश मूणत, सुनील सोनी, अनुज शर्मा और विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल रहे हैं। बृजमोहन अग्रवाल की इस्तीफा के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने यह कहा कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा में बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति का एहसास हमेशा होता रहेगा। बृजमोहन अग्रवाल की इस्तीफा के बाद विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने यह कहा कि बृजमोहन अग्रवाल ने 35 साल के विधायक का अनुभव मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा तक काम किया है। आज 5 लाख 50 हजार वोट से लोकसभा के लिए जीत के गए हैं। आज उन्होंने अपनी छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया है जिसे स्वीकार कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा में बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति का एहसास हमेशा होता रहा है। इतनी जीवंतता बनी रही है अब उनकी कमी हमेशा बनी रहेगी। अब राष्ट्रीय परिपेक्ष में उनको अवसर छत्तीसगढ़ की आवश्यकता को बताने का मौका मिलेगा।

## ईंधन की कीमतों के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, विरोध के दौरान नेता की गई जान



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और पूर्व एमएलसी एमबी भानुप्रकाश का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। घटना सोमवार की बताई जा रही है। जब शिवमोगा में विरोध प्रदर्शन के दौरान भानुप्रकाश कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद जमीन पर गिर गए।

यह विरोध प्रदर्शन कर्नाटक सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर बिक्री कर को बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत और 18.44 प्रतिशत करने के फैसले के खिलाफ था। सरकार के इस फैसले से 15 जून से राज्य भर में पेट्रोल की कीमतों में लगभग तीन रुपये और डीजल की कीमतों में 3.05 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। लोकसभा चुनाव के बाद ईंधन की कीमतों में संशोधन करने वाला कर्नाटक पहला राज्य है।

पुलिस के अनुसार शिवमोगा में भाजपा द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भानुप्रकाश प्रकाश कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद अपनी कार में बैठते समय गिर पड़े। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाने के बावजूद बचाया नहीं जा सका।

कर्नाटक बीजेपी प्रमुख बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा कि राज्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले संघ के वफादार भानुप्रकाश के आकस्मिक निधन से उन्हें झटका लगा है। विजयेंद्र ने कहा, भानुप्रकाश ने अपनी आखिरी सांस तक भाजपा के लिए काम किया। उनके निधन से पार्टी को बहुत बड़ी क्षति हुई है।

## गुजरात में मालगाड़ी के ड्राइवर की सूझबूझ से 10 शेरों की जान बची

**अमरेली, एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिले में मालगाड़ी के ड्राइवर की सूझबूझ से 10 शेरों की जान बच गई। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि गुजरात के अमरेली जिले में पीपावाव बंदरगाह के पास एक मालगाड़ी के चालक ने सोमवार तड़के पटरियों पर दस शेरों को देखकर आपातकालीन ब्रेक लगाकर उनकी जान बचाई। पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के भावनगर खंड की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह घटना तब हुई जब मुकेश कुमार मीणा पीपावाव बंदरगाह स्टेशन से साइडिंग (मुख्य गलियारे के बगल में एक छोटा ट्रैक) तक मालगाड़ी का संचालन कर रहे थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ड्राइवर मुकेश कुमार मीणा तेजी से मालगाड़ी को आगे बढ़ा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी नजर शेरों पर पड़ी। उन्होंने देखा कि 10 शेर पटरी पर बैठकर आराम कर रहे थे। ऐसा देख उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोक दी। उन्होंने मालगाड़ी रोककर तब तक इंतजार किया जब तक कि शेर पटरी से उठकर दूर नहीं चले गए। इसके बाद उन्होंने मालगाड़ी को उसके गंतव्य तक पहुंचाया। रेलवे के अधिकारियों ने ड्राइवर के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है। डब्ल्यूआर की विज्ञप्ति में कहा गया है कि शेरों सहित अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए भावनगर मंडल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निर्देश के अनुसार, इस मार्ग पर ट्रेन चालक सतर्क रहते हैं और निर्धारित गति सीमा के अनुरूप ही ट्रेन चलाते हैं।

# हिमाचल उपचुनाव में कांग्रेस ने हमीरपुर और नालागढ़ से उतारे प्रत्याशी, देहरा सीट पर ऐलान बाकी

**हमीरपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तीन में से दो सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने नालागढ़ और हमीरपुर से पिछला विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों को फिर मौका दिया है। नालागढ़ सीट से हरदीप सिंह बाबा और हमीरपुर सीट से डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा को टिकट मिला है। अब देहरा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान किया जाना बाकी है। इस सीट पर पूर्व प्रत्याशी राजेश शर्मा के अलावा भाजपा के कदावर नेता व पूर्व मंत्री रमेश धवाला सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता टिकट की दौड़ में हैं। दूसरी तरफ भाजपा सभी तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी पांच दिन पहले ही घोषित कर चुकी है। नालागढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा प्रदेश इंटक के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रहे थे। हरदीप सिंह बाबा की गिनती वीरभद्र सिंह परिवार के करीबियों में होती है। उनकी टक्कर भाजपा के केएल ठाकुर से होगी। हमीरपुर सीट से प्रत्याशी बनाए गए डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा सियासी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता रणजीत सिंह वर्मा पूर्व में उद्योग मंत्री रह चुके हैं। डॉक्टर वर्मा सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा पेशे से चिकित्सक हैं। उनका मुकाबला भाजपा के आशीष शर्मा से होगा। बता दें कि साल 2022 के चुनाव में ये तीनों सीटें निर्दलीय विधायकों के





खाते में थी। देहरा से होशियार सिंह, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से केएल ठाकुर ने चुनाव जीता था। हालांकि निर्दलीय विधायक निर्वाचित होने के बाद वे सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे। इसी साल 27 फरवरी को राज्यसभा की एक सीट पर हुए चुनाव में इन तीनों ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट किया। इसके बाद इन्होंने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष ने इनका इस्तीफा मंजूर किया था। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा ने उपचुनाव में तीनों पूर्व निर्दलीय विधायकों को प्रत्याशी बनाया है। तीनों विधानसभा हलकों में उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बीते 14 जून को शुरू हुई है, जो 21 जून तक चलेगी। तीनों सीटों पर 10 जुलाई को मतदान होगा और 13 जुलाई को चुनाव नतीजे आएंगे।

68 सदस्यीय हिमाचल विधानसभा में मौजूदा समय में 65 सदस्य हैं और इनमें सत्तारूढ़ कांग्रेस के 38 और भाजपा के 27 विधायक हैं। तीन सीटों पर विस उपचुनाव के नतीजे सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पर कोई असर नहीं डालेंगे, क्योंकि कांग्रेस के पास पूर्ण बहुमत हासिल है।

# हसबुल्ला ने गायों को ठूंस-ठूंसकर खिलाया पराठा और कटहल, 5 की दर्दनाक मौत

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल की एक गौशाला में गायों को कथित तौर चारे की जगह मैदे से बना पराठा और कटहल ठूंस-ठूंसकर खिलाने का मामला सामने आया है। अधिक खाने से पांच गायों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि, नौ को इलाज के लिए पशु अस्पताल में भर्ती किया गया है।



पराठा और कटहल से मरने वाली गायें हसबुल्ला नाम के एक डेयरी किसान की बताई जा रही हैं। वह पिछले 20 साल से गायों का पालन कर रहा है। इस मामले में राज्य के पशुपालन मंत्री ने उसकी गौशाला का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि किसान को उसके नुकसान की भरपाई की जाएगी।

बता दें कि पराठा मैदा से बनी एक रोटी का प्रकार है। यह केरल समेत दक्षिण भारत के कई राज्यों में लोकप्रिय व्यंजन है। उसे तवे पर तलकर तैयार किया जाता है।

**घटना क्या हुई :** मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को अचानक गायें बेहोश होने लगीं। किसान के कॉल पर पहुंची पशु चिकित्सक टीम के अधिकारियों ने गायों को चेक करना शुरू किया। पशु कल्याण विभाग के अनुसार, पांच गायों की मौत हो चुकी थी। जबकि, नौ गायों में कंपन हो रहा था। जांच से पता चला कि पराठा और कटहल अधिक खाने से उनका ऐसा हाल हुआ है।

**हसबुल्ला ने ऐसा क्यों किया :** ऐसी जानकारी सामने आई है कि हाल ही में पशुओं के चारे की कीमत बढ़ गई थी। जिसके बाद हसबुल्ला ने अपनी गायों को पराठा, कटहल और इमली के बीज की भूसी का मिश्रण खिलाना शुरू कर दिया था। अधिकारियों के मुताबिक, पराठा के लिए एक निश्चित मात्रा तय की गई थी, लेकिन हसबुल्ला ने गायों को उस हिसाब से खाना नहीं दिया। इस पूरे प्रकरण पर जिला पशुपालन अधिकारी डी शाइन कुमार का कहना है कि अगर गायें बहुत अधिक पराठा, कटहल या चावल का दलिया खाती हैं तो इससे उनके शरीर में लैक्टिक एसिड की मात्रा बढ़ सकती है।

## भाजपा कैंडिडेट को भी नतीजे पर शक, ईवीएम और वीवीपैट मिलान के लिए पहुंचे चुनाव आयोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हालिया लोकसभा चुनावों में हार का सामना करने वाले करीब एक दर्जन उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को आवेदन देकर ईवीएम वीवीपीएटी जांच की मांग की है। इसमें भाजपा उम्मीदवार से लेकर अन्य दलों के भी कैंडिडेट शामिल हैं। अपने आवेदनों में इन उम्मीदवारों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (ईवीएम वीवीपीएटी) यूनिट के मेमोरी वेरिफिकेशन की मांग की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे कुल 10 उम्मीदवारों के आवेदन चुनाव आयोग को मिले हैं, जिन्होंने ईवीएम-वीवीपैट के सत्यापन की जांच की मांग की है। इनमें से अधिकांश उम्मीदवारों ने एक से तीन ईवीएम यूनिट के सत्यापन की मांग की है। हालांकि कुछ उम्मीदवारों ने इससे ज्यादा यूनिट की जांच की भी मांग की है। इन उम्मीदवारों को प्रत्येक ईवीएम यूनिट के लिए 40,000 रुपये और उस पर 18 फीसदी जीएसटी चुकाना पड़ा है। जिन लोगों ने ऐसे आवेदन दिए हैं, उनमें महाराष्ट्र के अहमदनगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुजय राधाकृष्ण विखेपाटिल भी शामिल हैं। इन्होंने विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम यूनिट की जांच की मांग की है। शरद पवार की एनसीपी के नीलेश ज्ञानदेव लंके ने उन्हें 28929 मतों से हराया है। इनके अलावा ओडिशा में झारसुगुड़ा से बीजू जनता दल की उम्मीदवार दीपाली दास ने भी ऐसी ही मांग की है। वह भाजपा के टंकधर त्रिपाठी से लोकसभा चुनाव 1265 वोटों से हार गई थीं। दास इस



सीट से कई बार सांसद रह चुकी हैं। उन्होंने करीब एक दर्जन ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कुल 19 राउंड की गिनती में 17वें राउंड तक वह आगे चल रही थीं लेकिन अचानक आखिरी दो राउंड की गिनती में वह पिछड़ गईं। यह उन्हें रास नहीं आ रहा है। ईटी से बातचीत में दास ने यह पुष्टि की है कि उन्होंने 13 मशीनों के सत्यापन की मांग चुनाव आयोग से की है। छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड जहां भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है, से एक भी ऐसे आवेदन आयोग को नहीं मिले हैं। बता दें कि लोकसभा चुनावों के दौरान 26 अप्रैल के अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने सभी ईवीएम-वीवीपैट पर्चियों के मिलान की अर्जी खारिज करते हुए कहा था।

# कांग्रेस ने गुजरात में 2 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का लगाया आरोप, भाजपा सरकार ने दिया जवाब

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात कांग्रेस ने सोमवार को भरूच में जीआईडीसी की दो सम्पदाओं में उद्योगों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, हालांकि राज्य सरकार ने इन दावों को निराधार बताया। कांग्रेस नेता शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं को बताया कि जून 2023 में गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) प्रबंधन ने सायखा और दाहेज एस्टेट को संतृप्त क्षेत्र घोषित किया था, जिसके लिए जमीन का आवंटन केवल सार्वजनिक नीलामी के जरिए जाना था, लेकिन इस साल फरवरी में निर्णय को उलट दिया गया। उन्होंने बताया कि जीआईडीसी प्रबंधन ने दोनों सम्पदाओं को असंतृप्त घोषित कर दिया, जिसका अर्थ था कि सार्वजनिक नीलामी की आवश्यकता के बिना, निश्चित जंत्री दर (सरकार द्वारा निर्धारित दर) पर जमीनत आवंटित की जा सकती थी। गोहिल ने आरोप लगाया कि यह बहुत कम कीमत पर जमीन आवंटित करने और इस तरह 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला करने के लिए किया गया। उन्होंने जून 2023 के फैसले को पलटने पर राज्य की भाजपा सरकार से स्पष्टीकरण मांगा।

**सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जज से जांच की मांग :** उन्होंने इस मुद्दे की सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के किसी मौजूदा न्यायाधीश से जांच कराने की भी मांग की क्योंकि इससे राज्य के खजाने को कथित तौर पर भारी नुकसान हुआ है। कांग्रेस के



वरिष्ठ नेता गोहिल ने कहा, जब किसी जीआईडीसी को संतृप्त घोषित कर दिया जाता है, तो उसे शेष भूखंडों की बिक्री नीलामी के जरिए करनी पड़ती है, जिससे राज्य को अधिक राजस्व प्राप्त होता है। हालांकि, मंत्री ऋषिकेश पटेल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें असंतृप्त घोषित करने का निर्णय जीआईडीसी बोर्ड द्वारा उसकी 519वीं बैठक में लिया गया था, जब राज्य सरकार को उद्योग निकायों से प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ था। पटेल ने बताया कि उद्योग निकायों ने सरकार के ध्यान में लाया कि दोनों जीआईडीसी में पर्याप्त मात्रा में बिना बिकी भूमि है, इसलिए उन्हें संतृप्त घोषित नहीं किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, इस पर सरकार ने विचार किया और 519वीं बैठक में अपने निर्णय को पलट दिया। पटेल ने कहा, दाहेज और सायखा औद्योगिक एस्टेट में रासायनिक और इंजीनियरिंग दोनों ही क्षेत्र हैं। जीआईडीसी ने इन एस्टेट के रासायनिक क्षेत्रों में लगभग 90 प्रतिशत भूखंड बेचे जाने के बाद पूरे एस्टेट को संतृप्त क्षेत्र घोषित करने का फैसला किया, जबकि इंजीनियरिंग क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि उपलब्ध थी। उन्होंने कहा, औद्योगिक निकायों से अभ्यावेदन प्राप्त करने के बाद, जीआईडीसी ने अपनी 519वीं बैठक में इस तथ्य पर विचार करने के बाद दोनों एस्टेट को असंतृप्त घोषित किया कि रासायनिक और इंजीनियरिंग क्षेत्रों को मिलाकर पर्याप्त भूमि उपलब्ध थी। मंत्री ने कहा कि निर्णय में कोई अनियमितता नहीं है और सायखा में एक भी भूखंड आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन पर सभी निर्णय विभिन्न पहलुओं पर विचार करने और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से एक समिति द्वारा लिए जाते हैं। मंत्री ने कहा, जीआईडीसी एक गैर-लाभकारी संस्था है।

## संक्षिप्त समाचार



### आर्यना सबालेंका स्वास्थ्य कारणों से पेरिस ओलंपिक से हटी

**बर्लिन, एजेंसी।** विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका स्वास्थ्य कारणों और हार्ड कोर्ट पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से आगामी पेरिस ओलंपिक से हट गयी हैं। 26 वर्षीय मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पिछले महीने फ्रेंच ओपन में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से हारकर क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गईं। सबालेंका ने बर्लिन लेडीज ओपन में संवाददाताओं से कहा, ÷विशेष रूप से उन सभी संघर्षों के साथ, जिनसे मैं पिछले महीनों में जूझ रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। शेड्यूल के हिसाब से यह बहुत ज्यादा है और मैंने अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने का फैसला किया है।

बेलारूसी ने कहा कि मैं शारीरिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से यह सुनिश्चित करने के लिए थोड़ा आराम करना पसंद करती हूं कि मैं हार्ड कोर्ट के लिए तैयार हूं और हार्ड-कोर्ट सीज़न में जाने से पहले मेरी अच्छी तैयारी होगी। मुझे लगता है कि यह मेरे शरीर के लिए सुरक्षित और बेहतर है। आगामी ओलंपिक टेनिस आयोजन एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है क्योंकि यह 1992 में बार्सिलोना के बाद पहली बार क्ले कोर्ट में स्थानांतरित हो रहा है। इस परिवर्तन का मतलब है कि खिलाड़ियों को विंबलडन में घास से रौलां गैरो में मिट्टी में समायोजित करने की आवश्यकता होगी, जिसके बाद उत्तरी अमेरिकी के हार्ड कोर्ट में वापसी होगी।

ग्रीष्मकालीन सीज़न में टोरंटो और सिनसिनाटी में हार्ड कोर्ट पर लगातार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट शामिल हैं, जो यूएस ओपन में वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम तक ले जाते हैं, जहां सबालेंका पिछले साल फाइनल में पहुंची थी। सबालेंका, जो वर्तमान में बर्लिन लेडीज़ ओपन में भाग ले रही हैं, मंगलवार को राउंड 16 में दुनिया की 14वें नंबर की डारिया कसातकिना के खिलाफ खेलेंगी।




### भारत 2025 में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा

**लुसाने, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने अगले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के आयोजन की मेजबानी भारत को दी है। टूर्नामेंट दिसंबर 2025 में खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा कि बड़ी और अधिक विविध संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या में वृद्धि की है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं!

टी-20 वर्ल्ड कप 2024

# वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया



● पूरन ने 98 रन बनाए

**सेंट लूसिया, एजेंसी।** सेंट लूसिया के ग्रॉस आइलेट स्थित डैरेन सैमी क्रिकेट ग्राउंड पर अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 218 रन बनाए।

यह इस वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर रहा। जवाब में अफगानिस्तान 16.2 ओवर में 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन ने 53 बॉल में 98 रन बनाए।

वहीं, जॉनसन चार्ल्स ने 43 रन और रोवमैन पॉवेल ने 26 रन की पारी खेली। जबकि, औबेद मैकॉय ने 3 विकेट लिए। गुडाकेश मोती और अकील हौसेन को 2-2 विकेट मिले। आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ को 1-1 विकेट हासिल हुआ। अफगानिस्तान की ओर से सबसे ज्यादा रन इब्राहिम जादरान ने बनाए। उन्होंने 38 रन की पारी खेली। जबकि, गुलबदीन नाइब को 2 विकेट मिले। वहीं, अजमतुल्लाह ओमरजई और नवीन उल हक को 1-1 विकेट मिला। इस मुकाबले का सुपर-8 पर कोई असर नहीं पड़ा।

हालांकि, अफगानिस्तान को टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा, जबकि वेस्टइंडीज अजेय है।

फुटबॉल

# इगोर स्टिमैक भारतीय टीम के कोच पद से बर्खास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के हेड कोच इगोर स्टिमैक को अखिल भारतीय फुटबॉल संघ ने मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया है। हाल ही में हुए फीफा विश्व कप 2024 क्वालिफायर में टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद AIFF ने यह फैसला लिया है। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में कुवैत से ड्रॉ खेला था, जबकि कतर से अहम मुकाबले में हार गई थी। ऐसे में टीम इंडिया ने पहली बार फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका गंवा दिया था।



### रविवार को मीटिंग के बाद लिया गया फैसला

स्टिमैक को बर्खास्त करने का फैसला ढ्ढस्नस्न अधिकारियों द्वारा रविवार को की गई मीटिंग के बाद लिया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता AIFF के उपाध्यक्ष एनए हैरिस ने की। इस दौरान बैठक में मेनला एथेनपा (सदस्य, कार्यकारी समिति और अध्यक्ष, वित्त समिति), अनिलकुमार प्रभाकरन (सदस्य, कार्यकारी समिति और अध्यक्ष, प्रतियोगिता समिति), आईएम विजयन (एआईएफएफ तकनीकी समिति के अध्यक्ष) क्लाइमेक्स लॉरेंस (एआईएफएफ तकनीकी समिति के सदस्य) और सत्यनारायण (कार्यवाहक महासचिव) भी शामिल हुए। एआईएफएफ ने बयान में कहा, सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफिकेशन अभियान के निराशाजनक परिणाम को देखते हुए सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की कि टीम को आगे ले जाने के लिए एक नया मुख्य कोच सर्वश्रेष्ठ होगा। एआईएफएफ सचिवालय ने स्टिमैक को नोटिस जारी किया है और वह तुरंत प्रभाव से अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाते हैं। हालांकि, स्टिमैक को तत्काल प्रभाव से हटाने से भारतीय फुटबॉल संघ को अच्छी खासी कीमत चुकानी होगी। उन्हें जून 2026 तक अनुबंधित किया गया था और एआईएफएफ को अब उनके अनुबंध को जल्दी समाप्त करने के एवज में 360,000 डॉलर (लगभग 3 करोड़ रुपये) के भारी मुआवजे बिल का सामना करना पड़ सकता है।

### भारतीय फुटबॉल के एक युग का अंत

स्टिमैक का जाना भारतीय फुटबॉल के लिए एक युग का अंत है। फीफा विश्व कप 1998 में एक खिलाड़ी के रूप में कांस्य पदक जीतने वाले स्टिमैक ने स्टीफन कॉन्सटेंटाइन के जाने के बाद 15 मई 2019 को ब्लू टाइगर्स की देखरेख की जिम्मेदारी संभाली थी। स्टिमैक के मार्गदर्शन में भारत ने चार बड़े खिताब जीते हैं। इनमें दो सैफ चैंपियनशिप, एक इंटरकॉन्टिनेंटल कप और एक त्रिकोणीय राष्ट्र सीरीज शामिल है।

### स्टिमैक के नेतृत्व में कई खिताब जीते

वह पिछले साल सैफ चैम्पियनशिप, त्रिकोणीय सीरीज और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतकर एक साल में तीन ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच बने थे। हालांकि, भारत इस साल एएफसी एशियाई कप में आस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान से हार गया था। इसके बाद विश्व कप क्वालिफायर में खराब प्रदर्शन ने एआईएफएफ को उन्हें बर्खास्त करने के लिए मजबूर कर दिया।

यह दर्शाता है कि एआईएफएफ बड़े बदलाव और दीर्घकालिक सफलता प्राप्त करने ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर भी कड़ी नजर रहेगी। फैंस को उम्मीद है कि नया कोच भारतीय फुटबॉल को अगले स्तर पर ले जाने में मदद करेगा।

# क्रिस गेल का रिकॉर्ड टूटा

## एस्टोनिया के साहिल चौहान ने 27 गेंदों पर ठोका शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान ने सोमवार को साइप्रस के खिलाफ केवल 27 गेंदों में अपना शतक पूरा करके पुरुषों की टी20ई में सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। चौहान ने नामीबिया के जान-निकोल लोफ्टी ईटन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने फरवरी 2024 में नेपाल के खिलाफ अपने टी20ई शतक तक पहुंचने के लिए 33 गेंदें ली थीं।

यही नहीं, चौहान ट्वंटी20 (ओवरऑल) की लिस्ट में भी पहले नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा है। चौहान ने अपनी पारी के दौरान 41 गेंदों पर 6 चौके और 18 छक्कों की मदद से नाबाद 144 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 351 रही।

### टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक (ओवरऑल)

27 गेंद- साहिल चौहान , इस्टोनिया बनाम साइप्रस, 2024

33 गेंद - जेन निकोल ईडन, नेपाल बनाम नामीबिया, 2024

34 गेंद - कुशल माला, नेपाल बनाम मंगोलिया, 2023

35 गेंद - डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, 2017

35 गेंद -रोहित शर्मा, भारत बनाम श्रीलंका, 2017

### ट्वंटी 20 में सबसे तेज शतक (ओवरऑल)

27 गेंद -साहिल चौहान, इस्टोनिया बनाम साइप्रस, 2024

30 गेंद -क्रिस गेल, आरसीबी बनाम पुणे वारियर्स, 2013

32 गेंद -ऋषभ पंत, दिल्ली बनाम हिमाचल, 2018

33 गेंद -डब्लयू लुबे, नॉर्थ वेस्ट बनाम लिम्पोपो, 2018

33 गेंद - जेन निकोल ईडन, नेपाल बनाम नामीबिया, 2024

एपिस्कोपी के मैदान पर मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी की और तरनजीत सिंह के 17 गेंदों पर 44 रन की मदद से 191/7 रन बनाए।

साइप्रस के लिए चामल सदुन ने 28 रन बनाए जबकि एस्टोनिया के लिए प्रणय घीवाला और अर्सलान अमजद ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे एस्टोनिया की शुरुआत सबसे खराब रही और उसने केवल 40 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद चौहान ने 27 गेंदों में शतक पूरा करने से पहले सिर्फ 14 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने एस्टोनिया को सात ओवर शेष रहते 6 विकेट से जीत दिलाई।

# सुपर 8 से पहले टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन- सूर्यकुमार यादव चोटिल

**बारबडोस, एजेंसी।** भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप मिशन के दूसरे राउंड के लिए वेस्टइंडीज पहुंच गई है. यहां पहले ही ट्रेनिंग सेशन के दौरान भारतीय टीम की कुछ चिंताएं बढ़ती दिख रही हैं. टी20 इंटरनेशनल के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव यहां बैटिंग प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए.



एक तेज गेंद उनके हाथ पर जा लगी, जिसके बाद वह दर्द में दिखाई दिए. सूर्या को मुश्किल में देखकर फिजियो तुरंत उनके पास पहुंचे और उनका हालचाल जाना. इसके बाद सूर्या ने मैजिक स्प्रे का इस्तेमाल किया और अपनी बैटिंग जारी रखी. हालांकि सूर्या की यह चोट गंभीर है या नहीं इसका मालूम बाद में चलेगा क्योंकि तब उन्होंने मैजिक स्प्रे के कमाल से अपनी बैटिंग जारी रखी थी. बता दें भारतीय टीम ने अपने इस वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत अमेरिका में की थी. उसने शुरुआती 3 मैच न्यूयॉर्क में खेलकर फ्लोरिडा का रुख किया था, जहां कनाडा के खिलाफ उसका मैच बारिश की भेंट चढ़ गया. भारत ने अजेय रहते हुए ग्रुप 8 में अपनी जगह पक्की की. अब वह 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबडोस में इस दौर का पहला मैच खेलेगा. इस मैच से पहले सोमवार को भारतीय टीम ने यहां अपना पहला ही ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया था, जिसमें सूर्याकुमार चोटिल हो गए. भारतीय टीम का यह वैकल्पिक ट्रेनिंग सेशन था लेकिन टीम के लगभग सभी प्रमुख बल्लेबाजों ने इसमें भाग लिया.

टी-20 वर्ल्डकपः 2024

# लॉकी फर्ग्यूसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**तारोबा (त्रिदिदाद एंड टोबैगो), एजेंसी।** तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने चार ओवर में चार मेडन फेंकते हुए तीन विकेट चटकाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप-सी मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 78 रन पर ढेर कर दिया। फर्ग्यूसन (बिना किसी रन के तीन विकेट), टिम साउथी (2/11), टी-20 विश्व कप में अपना अंतिम मैच खेल रहे ट्रेंट बोल्ट (2/14) और ईश सोढ़ी (2/29) की उम्दा गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम 19.4 ओवर में सिमट गई। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं इसलिए यह महज औपचारिकता का मैच है। ग्रुप-सी से अफगानिस्तान और सह मेजबान वेस्टइंडीज सुपर आठ में पहुंचने वाली दो टीम हैं। मैच में पीएनजी की ओर से चार्ल्स अमीनी (17), नोर्मन वनुआ (14) और सेसे बाऊ




(12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

रिकॉर्ड बुक में शामिल हुए लॉकी फर्ग्यूसन

1. इस चमत्कारिक स्पैल के बूते लॉकी फर्ग्यूसन ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। अब वह एक टी-20 इंटरनेशनल मैच में चार मेडन डालने वाले दूसरे गेंदबाज बन चुके हैं, उनसे पहले 2021 में कनाडा के साद बिन जफर ने पनामा के खिलाफ चार मेडन के साथ दो विकेट (4-4-0-2) लिए थे।

2. लॉकी फर्ग्यूसन ने मैच में 24 डॉट गेंदें डालीं। टी-20 वर्ल्ड कप की एक पारी में किसी बॉलर द्वारा डाली गई ये सर्वाधिक डॉट गेंदें हैं। पिछला रिकॉर्ड बांग्लादेश के तंजीम हसन (21) के नाम था।

ऐसे लिए बिना रन दिए तीन विकेटन्यूजीलैंड ने तरोबा में बारिश के कारण देरी से शुरू हुए मैच में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया था। पांचवें ओवर में गेंदबाजी करने आए फर्ग्यूसन ने पीएनजी के कप्तान असद वाला को पहली ही गेंद पर पहली स्लिप में कैच करा दिया।

# यूरो कपः रोमानिया ने 24 साल में पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकोलेई स्टेनसियू ने पहले हाफ में लंबी दूरी से गोल दागकर रोमानिया को बढ़त दिलाई जिसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में रजवान मारिन और डेनिस मिहाई ड्रेगस ने दो गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। रोमानिया ने यूक्रेन के खिलाफ यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। सोमवार को खेले गए इस मुकाबले में रोमानिया ने यूक्रेन को 3-0 से एकतरफा अंदाज में हराया। रोमानिया की इस टूर्नामेंट में 24 साल में पहली और कुल दूसरी ही जीत है। इस तरह टीम ने कोच एडवर्ड इओर्डनेस्कु को जन्मदिन का तोहफा दिया। रोमानिया आठ वर्षों में किसी प्रमुख टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहा है और राष्ट्रगान बजते ही कई खिलाड़ी रो पड़े। यूक्रेनी फुटबॉल महासंघ ने संघर्ष को उजागर करने के लिए मैच से पहले मई 2022 में रूसी सैनिकों द्वारा नष्ट किए गए स्टेडियम के स्टैंड की म्यूनिख में झलक भी दिखाई।



### स्टेनसियू ने दिलाई बढ़त

निकोलेई स्टेनसियू ने पहले हाफ में लंबी दूरी से गोल दागकर रोमानिया को बढ़त दिलाई जिसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में रजवान मारिन और डेनिस मिहाई ड्रेगस ने दो गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। स्टेनसियू का एक शॉट क्रॉस बार से भी टकराया लेकिन इसके बावजूद रोमानिया ने यूक्रेन को आसानी से हरा दिया। 24 साल पहले इंग्लैंड को 3-2 से हराकर उलटफेर के बाद से रोमानिया की किसी बड़े टूर्नामेंट में यह पहली जीत थी। इओर्डनेस्कु 2016 में अपने पिता एंगेल के बाद यूरोपीय चैंपियनशिप में रोमानिया की टीम का मार्गदर्शन करने वाले पहले कोच बने।

# ऋषभ पंत का नंबर तीन पर खेलना काफी सकारात्मक हैः हरभजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने टी 20 विश्व कप में ग्रुप ए में अपना अभियान अपराजित रहते हुए ग्रुप में शीर्ष पर रहकर समाप्त किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने टूर्नामेंट में अब तक भारतीय अभियान की समीक्षा की और ऋषभ पंत के सुपर आठ में नंबर तीन पर बल्लेबाजी जारी रखने का समर्थन किया। पूर्व भारतीय स्पिनर ने पंत के तीसरे नंबर पर आने की व्याख्या करते हुए कहा कि इससे लेफ्ट-राइट संतुलन बना रहता है जो किसी भी गेंदबाजी इकाई के लिए कड़ी चुनौती पेश करता है। टूर्नामेंट में अब तक पंत भारतीय टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहे हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर तीन पारियों में 96 रन बनाये हैं जबकि आलराउंडर हार्दिक पांड्या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दोनों ने सात-सात विकेट लिए हैं।

हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि ऋषभ पंत को नंबर 3 पर खेलाना एक बड़ी सकारात्मक बात है। जब ऋषभ पंत नंबर 3 पर खेलते हैं तो बाएं-दाएं संयोजन बनता है। इसमें बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं। बेशक, चुनौतियाँ और कठिनाइयाँ हैं।

# दो पक्षो में जमीनी विवाद को लेकर एक की हत्या, आधा दर्जन से अधिक घायल

## गुस्साये परिजनों ने किया चक्काजाम, जमकर हुआ बबाल





**पन्ना।** जिले के रैपुरा थाना अंतर्गत दो पक्षो मे जमीनी विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडे, कुल्हाडी चलीं। जिसमें एक पक्ष के नौ लोग घायल हुए तथा दूसरे पक्ष के पांच लोग घायल हुए। इनमें एक की जबलपुर मे ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिससे गुस्साये परिजनो ने रैपुरा के महाबीर चौक में शव रखकर एक घंटा तक चक्काजाम किया तथा पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रिश्वत लेने के भी गंभीर आरोप लगाये है। किसी प्रकार एसडीओपी के आस्वासन पर चक्काजाम समाप्त किया। तत्पश्चात् शव का पोस्ट मार्टम कराकर दाह संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार रैपुरा थाना अन्तर्गत ग्राम नादचांद दिनांक 16 जून की सुबह 9:00 बजे के लगभग पोखराहार में सवा एकड़ की जमीन को लेकर दो पक्षों में लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी चलाये गए। जिसमें एक पक्ष बुरी तरीके से लहूलुहान हो गया। जिसमें मुख्य रूप से महेश लोधी पिता हरिराम लोधी उम्र 35 वर्ष के सिर पर कुल्हाड़ी लगने से वह गंभीर घायल हो गया जिसे स्वास्थ केन्द्र रैपुरा लाया गया। डॉक्टर द्वारा कटनी रेफर किया गया तथा हालत खराब होने के चलते जबलपुर मेडिकल कालेज भेज दिया गया। जहां पर उसकी ईलाज के दौरान रात्रि मे मौत हो गई। म्रतक को परिवारजन, वापिस रैपुरा ले आये तथा 17 जून को गुस्साये परिजनो ने शव रखकर एक घंटे तक चक्काजाम किया गया। पुलिस ने परिजनो की मांगो को मानते हुए तत्काल आरोपीयो को गिरफ्तार करने का आस्वासन दिया है। मामले मे पुलिस द्वारा धारा 307, 302 के तहत प्रकरण कायम किया है तथा घटना क्रम मे शामिल आरोपीयो को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है। परिजनो ने पुलिस पर यह भी आरोप लगाया कि मामले को लेकर दो माह पूर्व भी शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नही लिया गया था। जिसके कारण महेश की हत्या हुई है। फिलहाल पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनो को सौपकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# गुनौर नगर परिषद् के वार्ड क्रमांक 11 मे जल संकट गहराया



**पन्ना।** जैसे जैसे गर्मी बढती जा रही है, जल स्तर भी घट रहा है। जिसके चलते जल श्रोतो से पानी नीचे जा रहा है तथा विभिन्न श्रोतो से सप्लाई होने वाला जल लोगो को उपलब्ध नही हो रहा है। नगर परिषद गुनौर के वार्ड क्रमांक 11 मे जल संकट गहरा रहा है। नगर परिषद् द्वारा टैंकरो के माध्यम से जल सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन जिस प्रकार से नगर परिषद की सप्लाई चल रही है वह पर्याप्त नही है तथा जल सप्लाई मे भेद भाव भी किया जा रहा है। जो राजनैतिक तथा रसूकदार लोग है उनके घरो मे टैंकर खडे कर दिये जाते है तथा आम लोग परेशान होते है। स्थानीय लोगो ने विधिवत जल सप्लाई कराये जाने की मांग की है।

# भगवान कृष्ण एवं रूकमणि के विवाह की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

## राधा-रानी तथा भगवान कृष्ण के अटूट प्रेम को बखान नही किया जा सकता : पार्थवीर



**पन्ना।** श्री जुगल किशोर जी मंदिर मे विगत 11 जून से श्रीम्द भागवत कथा चल रही है। छठवें दिन भगवान कृष्ण तथा रूकमणि विवाह की कथा का वर्णन करते हुए कथा वाचक राधे श्याम जी महराज ने कहा कि भगवान भक्तो के अन्यन्य भक्त है वह सभी के मनकी जानते है, भगवान से प्रेम करने वाला उनका ही हो कर रह जाता है। उन्होने आंगे बताया कि 16 हजार 108 गोपियों के प्रेम में भगवान श्री कृष्ण मगन रहते थें। सभी को यह लग रहा था कि भगवान का प्रेम सिर्फ हमारे उपर है, लेकिन उनका सभी के उपर बराबर प्रेम था सच्चे मन से जो भी प्रेम करता है, भगवान उसकी हर मुराद पूरी करते है। कृष्ण कन्हैया की लीलाओ का वर्णन करना आम इंसान के बस की बात नही है। सहस्त्र मुखो से भी उनके चरित्र तथा उनकी लीलाओ का वर्णन किया जाये तो भी वह पूर्ण नही हो सकता है। धूम धाम के साथ भगवान श्री कृष्ण एवं रूकमणि का विवाह संपन्न कराया गया। तत्पश्चात् बाल वक्तव्य देने वाले पार्थवीर शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के अनन प्रेम का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि राधा रानी कथा भगवान कृष्ण अलग नही है, स्वयं एक दूसरे मे समाये हुए है। जितनी भी उनकी पटरानीयां है वह सभी राधा रानी से जुडी हुई है। कोई भी अलग नही है। राधारानी ने कन्हैया से निक्षल प्रेम किया, इसके अलावा पार्थ वीर शुक्ला ने और भी अनेक प्रकार की भगवान की लीलाओ का बखान करते हुए उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। बाल वक्तव्य पार्थवीर शुक्ला के प्रवचन सुनने दर्शक लगातार भारी संख्या में प्रति दिन उमड़ रहें है।

# धू-धू कर जली मोटर साईकिल तीन लोग बाल बाल बचें



**पन्ना।** भारी गर्मी तथा तपन के चलते वाहनो की मशीनो में अचानक आग लगने के मामले लगातार सामने आ रहे है। जिले मे अभी चलती हुई दो कारे जल चुकी है। अब मोटर साईकिल में आग लगने का मामला भी सामने आया है। जिले के अजयगढ तहसील मुख्यालय मे शांति नगर मोहल्ला मे करतल की ओर से अजयगढ पल्सर मोटर साईकिल से तीन लोग आ रहे थें। जिनकी मोटर साकिल मे अचानक आग लग गई। आग लगते ही मोटर साईकिल चालक तथा दोनो साथी मोटर साईकिल छोडकर भाग खडे हुए देखते ही देखते उक्त मोटर साईकिल आग के गोला की तरह चंन्द मिन्टो मे ही जल गई। लोगो द्वारा बाताया गया कि उक्त लोग भीना ग्राम के निवासी बताये जा रहें है। इस प्रकार की आग लगने की घटनाओं से आम लोगो मे दहशत का माहोल कायम है।

# पुलिस लाइन में आयोजित समर कैम्प का किया गया समापन

## पुलिस अधीक्षक रहें उपस्थित



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार पन्ना पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन एवं रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर के नेतृत्व में पुलिस लाइन पन्ना में पुलिस परिवार के बच्चो के लिये दिनांक 15 मई से दिनांक 16 जून तक एक माह के समर कैम्प का आयोजन किया गया गया था। जिसका समापन पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा की उपस्थिती मे संपन्न हुआ। एक माह के आयोजित समर कैम्प में लगभ दो सैकडा से अधिक बच्चो ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षको के द्वारा समर कैम्प में शामिल बच्चो को योग, डांस, मेंहदी, कम्प्यूटर, पेंटिंग, स्पीच एवं खेल की विभिन्न विधाओं जैसे-क्रिकेट, फुटबाल, कबड्डी, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिन्टन के अलावा लेमन रेस, 100 मीटर रेस, गोला फेक जैसी विभिन्न गतिविधियो का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कैंप मे शामिल रहे बच्चे उत्साहित देखे गये। समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनो से बच्चो को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है तथा वह अनेक गतिविधियों मे दक्ष हो कर आंगे बढते है। तत्पश्चात् कैंप मे शामिल हुए बच्चो को पुलिस अधीक्षक द्वारा टी-शर्ट तथा प्रमाण पत्र एवं अन्य उपहार वितरित किये गये।

# जनपद पंचायत पन्ना के सामने लगे ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग



**पन्ना**

लगातार बढ़ रही भारी गर्मी के चलते आये दिन बिजली के ट्रान्सफार्मरो मे आग लग रही है। इसी प्रकार का नजारा पन्ना जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित ट्रान्सफार्मर मे आग लग गई तथा वह धू धू कर जलने लगा। इसकी सूचना स्थानीय लोगो द्वारा बिजली विभाग को दी गई। उक्त ट्रान्सफार्मर जलने से घंटो इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रही। ज्ञात हो कि जिले मे विद्युत विभाग द्वारा अच्छी क्वाल्टी के विद्युत उपकरण न लगाने के कारण आये दिन इस प्रकार के मामले सामने आ रहें है।

# दहलान चौकी में नि:शुल्क श्रवण एवं नेत्र शिविर का किया गया अयोजन



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर पन्ना के समेकित तत्वधान में 16 जून 2024 को दहलान चौकी में नि:शुल्क श्रवण व नेत्र शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे श्रवण जांच हेतु ऑडियोलॉजिस्ट डॉक्टर बादल बढ़ोलिया द्वारा श्रवण परीक्षण यंत्रों के द्वारा 09 हितग्राहियों का परीक्षण किया गया एवं नेत्र परीक्षण हेतु नेत्र चिकित्सक चंद्रभान सिंह द्वारा नेत्र परिक्षण किया गया। जांच उपरांत श्रवण यंत्र एवं नेत्र सहायक यंत्र भी वितरण किए गए, शिविर मे जांच हेतु ग्रामों से आए हितग्राहियों को उद्बोधन देते हुए संस्था प्राचार्य द्वारा बताया गया है कि प्रत्येक माह मे पूर्व से निर्धारित एक दिन को दिव्यांग जनों का चिन्हांकन कर ऐसे शिविर का निरंतर अयोजन किया जाएगा, उक्त शिविर में दिव्यांग हितग्राहीगण ग्रामवासी एवं महाविद्यालय प्राचार्य दीपक कुमार त्रिपाठी, आलोक कुमार, नीलेश कुमार, आशीष सोनी, विशाल, लालता प्रसाद लोध, मनोज झारिया, ताराचंद्र लोध, सोम शुक्ला रूपेन्द्र पटेल, स्वाती चौहान वर्षा शर्मा, चंद्रशेखर कोल आदि स्टॉफ व महाविद्यालय के छात्रगण उपस्थिति रहे।

# आठ लाख मे निकाली गई बेनी सागर की जल कुंभी

## सामपन के अवसर पर महिलाओ ने उतारी गंगा आरती



**पन्ना।** बेनीसागर तालाब मे फैली हुई जलकुंभी को नगर पालिका द्वारा ठेके पर ठेका देकर आठ लाख चौबिस हजार की राशि खर्च करके जल कुंभी निकाली गई है। तत्पश्चात् गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत अंतिम दिन 16 जून को विश्व हिन्दू परिषद् जिला इकाई पन्ना की संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान के नेतृत्व में गंगा आरती का आयोजन हुआ। गंगा आरती का पूजन-अर्चन उपरांत गंगा आरती उतार कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। गंगा आरती में श्रीमती कल्पना चौहान सहित श्रीमती चंद्रप्रभा तिवारी, रश्मि त्रिपाठी, नम्रता नायक, नीतू धामी, अंजना खरे, अनामिका विश्वकर्मा, नीतू धामी, रचना सिंह, उषा शर्मा, उर्मिला गुप्ता, आशा सोनी, अरुणालता शर्मा, कीर्ति रीना शर्मा आदि अनेक महिलाऐं सम्मिलित रहीं।

# नव निर्वाचित जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी का जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निवास पर किया गया स्वागत



**पन्ना।** गत दिवस जिला अभीभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए। जिसमे वरिष्ट अधिवक्ता राजेश तिवारी अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री तिवारी का अनेक संस्थाओ द्वारा स्वागत सम्मान किया जा रहा है। इसी कडी मे जिला कॉन्ग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह के निवास पर श्री तिवारी का साल श्रीफल, फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया तथा उन्हे बंधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से डीके दुबे, मनीष मिश्रा, शशिकांत दीक्षित, पुरषोत्तम जाडिया, रेहान मोहम्मद, अक्षय तिवारी वैभव थापक, भूपेंद्र सिंह, स्वतंत्र अवस्थी, जीतेंद्र जाटव, अंकित शर्मा, सौरभ पटेरिया, भोले कुशवाहा, नरेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक चौरसिया, देबू गौड़, सत्रुघन जड़िया, रियासत खान, सरदार यादव, लखन केवट, अनुज श्रीवास, सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन राजबहादुर पटेल द्वारा किया गया।

# विश्व में सर्वत्र शांति स्थापित हो तथा आपास में भाईचारा बने रहे यही पुराण का संदेश है : पुजारी दादा भाई



**पन्ना।** महामति की वाणी चिन्तक देती मानवता संदेश, जग में उनके अमर हो गये प्राणनाथ जी के उपदेश। श्री प्राणनाथ छत्रसाल सेवा समीति खेजड़ा मंदिर के पुजारी दादा भाई (अनुरूद्ध धामी) ने बताया कि बीते 18 वर्षों से खेजड़ा मंदिर के यहां स्थानीय एवं बाहर के सुन्दरसाथ आकर पुराण पढ़ते हैं और पूजन करते हैं। इस दिशा में 12 जून, 2024 से 18 जून, 2024 तक पुराण का आयोजन प्रारंभ है जिसमें सुन्दरसाथ पुराण पढ़ते हैं और पूजा करते हैं। श्री पुजारी ने कहा कि अभी तक पन्ना सहित इंदौर, छतरपुर, भोपाल, दिल्ली, गुजरात के सुन्दरसाथ पधारकर पुराण का अध्ययन कर चुके हैं। 16 जून, 2024 को विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई पन्ना की संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान एवं समाजसेविका श्रीमती रश्मि त्रिपाठी के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया तथा उन्होंने पुराण के दर्शन किये और सुन्दरसाथ जो उपस्थित थे पुजारी सहित उनसे भेंट की। श्री पुजारी ने बताया कि 18 जून, 2024 को मुख्य कार्यक्रम के साथ भण्डारा संपन्न होगा। समिति सदस्यों में बांके बिहारी पुजारी, अजय शर्मा, नरेश धामी, जयकुमार, अनूप शर्मा, अमर शर्मा, धर्मेंद्र, ब्रिज प्रताप शर्मा का सराहनीय मिलता रहता है। अंत में पुजारी ने बताया कि विश्व में सर्वत्र शांति स्थापित के साथ भाईचारा बना रहे यही पुराण का संदेश है।

## मैहर में डेढ़ साल बाद आई रिपोर्ट से खुलासा

# शराब में सल्फास देकर दोस्तों ने की हत्या



**मैहर।** पुलिस ने दो आरोपितों संतोष बैस पिता संपर्क बैस उम्र 49 वर्ष निवासी चचाई देवलोंद शहडोल तथा पप्पू उर्फ सुरेंद्र पिता रामसजीवन बैस उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। रामनगर टीआइ टीकाराम कुर्मी ने बताया कि हाईवा चालक सुखलाल की मौत स्वाभाविक अथवा आत्महत्या नहीं थी। उसकी हत्या की गई थी। संतोष और सुरेंद्र ने ही मिलकर योजनाबद्ध तरीके से उसकी जान ली थी।

टीआइ ने बताया कि सुखलाल का बिसरा प्रिजर्व कर फोरेंसिक लैब सागर भेजा गया था। लगभग डेढ़ साल बाद आई बिसरा की जांच रिपोर्ट में सुखलाल की मौत की वजह जहर बताई गई। जिसके आधार पर जब विवेचना आगे बढ़ी तो संतोष और सुरेंद्र शक के घेरे में आए। उन्हें तलाश कर पूछताछ की गई तो सुखलाल की मौत पर पड़ा पर्दा उठ गया। दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सुखलाल और वे दोनों बुढ़वा खदान से अपने अपने हाइवा में बालू लोड करने जाते थे। संतोष और सुरेंद्र चोरी-बेईमानी भी करते थे लेकिन सुखलाल उनका साथ नहीं देता था, जिसके कारण अक्सर मालिक के सामने बात खुल जाती थी। इसी से परेशान हो कर संतोष और सुरेंद्र ने सुखलाल को अपने रास्ते से हटाने की योजना बना डाली।

7 दिसंबर 2022 को तीनों हाईवा लोड करने पहुंचे तो उन्होंने शराब में सल्फास की गोलियां मिला कर सुखलाल को पिला दीं। तीनों दोस्त थे इसलिए सुखलाल को शक भी नहीं हुआ। जब वह हाईवा लेकर खदान से चला और अपने गांव झिन्ना से कुछ आगे बढ़ा तो उसे उल्टियां होने लगीं। उसने हाईवा खड़ा कर दिया और उसी में सो गया। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो वे उसे रीवा मेडिकल कॉलेज ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सभी ने यही समझा कि तबीयत बिगड़ने के कारण सुखलाल की मौत हो गई है। सुरेंद्र और संतोष भी परिवार के गम में शामिल होने पहुंचे थे। लेकिन डेढ़ साल बाद बिसरा रिपोर्ट ने पोल खोल दी और रामनगर पुलिस ने साइबर सेल सतना की मदद से दोनों को पकड़ कर सलाखों के पीछे धकेल दिया।

# सतना के जैतवारा में बगीचे में निर्वस्त्र मिली बेहोश नाबालिग, माता-पिता बाहर गए थे, घर में थी अकेली




**सतना।** नाबालिग को जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग में ले जा कर उसकी जांच कराई गई है। उसे होश भी आ गया है। उसके बयान लेने के लिए महिला पुलिस अधिकारी को बुलाया गया है।

बताया जा रहा है कि घटना के समय लड़की के माता-पिता किसी काम से दूसरे गांव गए थे। घर पर बेटी अकेली थी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे चचेरा भाई बगीचे की तरफ गया तो वहां आम के पेड़ के नीचे नाबालिग बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। जगह-जगह चोट लगी थी।

इधर, घटना की सूचना मिलने पर जैतवारा थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी पवन शुक्ला का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस नाबालिग को थाना ले आई थी। यहां भी वह बेहोश थी। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिग निर्वस्त्र तो नहीं थी, लेकिन उसके कपड़े फटे थे और शरीर पर चोट के निशान भी थे।

आगामी 21 जून को दसवां योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष विभाग के संयोजकत्व में आयोजित होने वाले योग दिवस में भाग लेने के लिए लोगों को योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं। चित्र उसी अवसर का।



## मन लगाकर व अपना लक्ष्य लेकर पढ़ने से सफलता जरूर मिलती है : कलेक्टर

### प्रवेशोत्सव दिवस पर नव प्रवेशी छात्राओं का कलेक्टर ने रोली-चंदन लगाकर किया स्वागत

**रीवा।** शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल चले हम अभियान जिले के सभी स्कूलों में 18 जून से 20 जून तक प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस पर स्थानीय कन्या एस के स्कूल में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नव प्रवेशी छात्राओं का रोली-चंदन लगाकर प्रवेश दिलाया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय में स्वागत किया गया।



स्कूल चले हम अभियान के प्रथम दिन विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

प्रवेशोत्सव में छात्राओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मन लगाकर और लक्ष्य नियत कर पढ़ाई करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि हर प्रश्न का जवाब किताब में ही है। अत: पाठ्यक्रम के अनुसार किताबों का गहन अध्ययन करना ही सफलता की कुंजी है। कलेक्टर ने छात्राओं से कहा कि प्रवीण्य सूची में या उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों से प्रेरणा लें क्योंकि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। शिक्षित व्यक्ति हर क्षेत्र में सफल रहता है। अच्छी तरह पढ़ाई कर उच्च स्थान प्राप्त करें तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वह पूरे लगन व निष्ठा से शिक्षा दें क्योंकि उनके विद्यालय में ऐसे भी विद्यार्थी होते हैं जिनके अभिभावक ज्यादा शिक्षित नहीं होते इसलिए उनकी जवाबदारी और भी बढ़ जाती है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने विभिन्न संकायों की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रवेश उत्सव पर नव प्रवेशी छात्रों को किताबें वितरित की। स्थानीय सुदर्शन कुमारी स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव में भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रसारण को भी विद्यार्थियों ने देखा व सुना। इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस पर शाला जाने योग्य एवं शाला त्यागी बच्चों का प्रवेश दिलाया जा रहा है। इस दिवस पर माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय में विशेष मध्यान्ह भोजन का वितरण किया जा रहा है साथ ही अभिभावकों का भी विद्यालय में स्वागत हो रहा है। इसी प्रकार 19 जून को शिक्षक एवं अभिभावक सम्मेलन आयोजित होगा तथा 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत जिले के विद्यालयों में जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी व अन्य विशिष्टजन चुनी हुई शालाओं में जाकर बच्चों को प्रेरक उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नें विद्यालय परिसर में स्थापित वीणा पाणि मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य मिथिलेश सिंह गहरवार ने किया तथा संचालन विवेक नामदेव द्वारा किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्री अख्तर अली, प्राचार्य सीएम राइज पीके स्कूल वरुणेंद्र प्रताप सिंह, सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित विद्यालय की छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक कुल 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 12.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 3.5 मिलीमीटर, सिरमौर में 2 मिलीमीटर, सेमरिया में 5 मिलीमीटर तथा मनगवां में 12 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 18 जून को हुजूर तहसील में 8.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 3 मिलीमीटर तथा मनगवां में 5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## विश्व योग दिवस पर लगेगी दो दिवसीय प्रदर्शनी

**रीवा।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। केन्द्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के तहत संचालित क्षेत्र प्रचार कार्यालय रीवा द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 20 एवं 21 जून को विश्वविद्यालय के योग चेतना केन्द्र में लगाई जा रही है।

## बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान प्रारंभ

**रीवा।** प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये प्रत्येक माह के 10 कार्य दिवस में बच्चों के शारीरिक माप दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पोषण ट्रेकर एप में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का वजन एवं लंबाई/ऊँचाई की सटीकता के साथ माप लिया जाकर एप में प्रविष्टि की जाती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का निर्धारण किया जाता है। जून माह में 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान के रूप में 18 से 28 जून तक आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महिला, बाल विकास मंत्रालय द्वारा माह जून 2024 के लिये पोषण ट्रेकर एप में पूर्व में बच्चों के वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में हुई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में उनके वास्तविक माप अनुसार सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध कराया गया है।

आयुक्त, महिला-बाल विकास ने निर्देश दिये हैं कि शारीरिक माप अभियान के दौरान प्रत्येक पर्यवेक्षक द्वारा अपने क्षेत्र में उन कमजोर प्रदर्शन वाले केन्द्रों में एक-एक दिवस उपस्थित होकर समक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से पूर्व माह में चिन्हित सभी कम वजन/ठिगनापन तथा बच्चों की सटीकता के साथ वजन तथा लंबाई/ऊँचाई लेकर पोषण ट्रेकर में सही जानकारी की प्रविष्टि सुनिश्चित कराएंगे। प्रत्येक पर्यवेक्षक 10 से 15 केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से उन केन्द्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिन केन्द्रों में परियोजना अंतर्गत सर्वाधिक कुपोषित बच्चों की संख्या है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से पर्यवेक्षक द्वारा विशेषकर उन बच्चों की सूची तैयार की जाये, जिनकी विगत माहों में वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में पूर्व में त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि हुई हो, वर्तमान में सही माप ली जाकर उसकी प्रविष्टि पोषण ट्रेकर एप में सुनिश्चित कराई जाए।

## साई मंदिर धवारी में होगा श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 15 जुलाई से



**रीवा/सतना।** शहर के सांई मंदिर प्रांगण धवारी में आगामी 15 जुलाई से 22 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। इस संबंध में बताया गया है कि वृंदावन से सुप्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता श्री आशीषाचार्य जी महाराज वृंदावनोपासक के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा शहर में निकाली जाएगी यह नगर भ्रमणकर कथा स्थल में पहुंचेंगी जहां विधवत श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से विश्व के सभी श्रोतागण कथा श्रवण करेंगे कार्यक्रम में संबंध में बताया गया है कि कथा का समापन 21 जुलाई को है एवं 22 जुलाई को पूर्णाहुति हवन यज्ञ पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है उल्लेखनीय है कि हमारे शहर सतना मे महाराज श्री का 8 वर्ष बाद आ रहे हैं कथा करने के लिए पूज्य महाराज श्री लोकप्रिय कथा व्यास श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा से लाभान्वित कर रहे हैं कथा श्रवण हेतु आप सादर आमंत्रित हैं कथा समय दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा यह संपूर्ण जानकारी भागवत यात्रा परिवार समस्त जनमानस ने दी है।

## योग दिवस में भाग लेने हेतु लोगों से योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं

**रीवा।** आगामी 21 जून को दसवां योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष विभाग के संयोजकत्व में आयोजित होने वाले योग दिवस में भाग लेने के लिए लोगों को योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर लोगों को योगासन करने तथा मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अगडाल, आलमगंज, तमरादेश, मनिकवार, खरहरी, दुआरी आदि स्थलों में योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रति दिवस योग क्रियाएं कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## अभियान में पाँच साल तक के हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलाएं : कलेक्टर

### जिले में पल्स पोलियो अभियान में 390140 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा




**रीवा।** जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 23 जून से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पांच साल तक के 390140 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम जिला चिकित्सालय रीवा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल प्रदेशव्यापी अभियान का समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि हमारे जिले और देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन देश के दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में पिछले साल तक पोलियो के केस मिले हैं। इससे हमारे देश के बच्चों को भी पोलियो का खतरा बना हुआ है। बच्चों की सुरक्षा के लिए 23 जून को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसमें पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत मण्डल तथा अन्य विभाग सौंपी गई जिम्मेदारी निभाकर पूरा सहयोग करें। अभियान के दौरान पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलाएं। अभियान में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अभियान की मॉनीटरिंग के लिए जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर निगरानी दल तैनात करें। प्रथम दिवस पोलियो बूथ में अधिकतम बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का प्रयास करें। किसी कारणवश बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को घर-घर जाकर 24 तथा 25 जून को पोलियो की दवा पिलाएं। पोलियो की दवा पिलाने के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं जिससे हर अभिभावक तक पल्स पोलियो पिलाने का संदेश पहुंच जाए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभियान की जानकारी दें।

## शिशुओं का संपूर्ण टीकाकरण भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने का मूल मंत्र है

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में 25 जून से 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान 9 माह से 5 साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। बच्चों को एनीमिया से बचाने के लिए विटामिन ए का घोल दिया जाएगा। साथ ही चिन्हित बच्चों को ओआरएस के पैकेट भी दिए जाएंगे। अभियान के दौरान 5 साल तक के सभी बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण भी किया जाएगा। अभियान की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हर गांव में तैनात हैं। आशा कार्यकर्ता और एएनएम प्रत्येक गर्भवती माता तथा प्रत्येक शिशु की सूची अपने पास रखें। शिशुओं का निर्धारित समय पर सम्पूर्ण टीकाकरण कराएं। समय पर टीके लगने पर ही शिशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा होगी। शिशुओं का सम्पूर्ण टीकाकरण भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने का मूल मंत्र है। इसमें लापरवाही बरतने वाले बीएमओ और आशा कार्यकर्ताओं पर कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला टीकाकरण अधिकारी गत तीन वर्षों के टीकाकरण के पोर्टल के आंकड़ों एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों का विश्लेषण करें। जिन विकासखण्डों और बस्तियों में सम्पूर्ण टीकाकरण 95 प्रतिशत से कम है वहाँ इसके कारण का पता लगाएं। हर व्यक्ति अपने शिशु को स्वस्थ रखना चाहता है। टीकाकरण के प्रति भी लोग जागरूक हैं। प्रत्येक शिशु को टीकाकरण का कार्ड अनिवार्य रूप से दें। उस कार्ड में आगामी टीकाकरण की तिथि का उल्लेख करें। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीकाकरण के लिए चिन्हित बच्चों के माता-पिता को तीन दिन पूर्व टीकाकरण की सूचना दें तथा टीकाकरण दिवस पर बच्चे को अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं।

## महापौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के संबंध में ली गई समीक्षा बैठक

**रीवा।** नगर निगम महापौर श्री अजय मिश्रा 'बाबा' द्वारा दिनांक 18.06.2024 को स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के संबंध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो से नगरीय क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, कचरा परिवहन एवं स्वच्छता आदि से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई एवं उक्त विषयों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। महापौर द्वारा कहा गया कि सभी स्वच्छता निरीक्षक अपने वार्डो में निरंतर विजिट कर साफ सफाई का विशेष ध्यान दें तथा सफाई एवं कचरा उठाव की जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी को उपलब्ध करायें। साफ सफाई एवं कचरा उठाव के संबंध में आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करायें। जिससे किसी भी प्रकार की शहरवासियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। शहर में किसी भी स्थान पर कचरे का ढेरी इकट्ठा न होने दे वल्कि उसका उठाव रेमकी के माध्यम से तत्काल करायें। बैठक में रेमकी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन सभी वार्डो में नियमित रूप से समय पर पहुँचे साथ ही कचरा परिवहन को दुरूस्त करें।

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 को सिरमौर में करेगी सुनवाई



**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच रीवा जिले के भ्रमण पर आ रही है। इसके द्वारा 25 जून को सिरमौर में आयोजित वृहद शिविर में बच्चों के कल्याण की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी तथा बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग तथा आदिमजाति कल्याण विभाग शिविर से लाभान्वित किए जाने वाले बच्चों की सूची तैयार कर लें। सभी अधिकारी शिविर की तैयारी समय पर पूरी कर लें। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे करके प्रत्येक गांव से बच्चे शिविर में लाए जाएंगे। इनसे जुड़ी समस्याओं और कठिनाईयों को दूर करने का प्रयास करें। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खोलने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविर में स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार आकांक्षी विकासखण्ड सिरमौर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जवा और सिरमौर दोनों विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सकों का दल तैनात कर बच्चों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था कराएं। बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था करें। शिविर में बाल श्रम से पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, एसिड अटैक से पीड़ित, निराश्रित बच्चों, अति गरीब परिवार के बच्चों, दिव्यांग बच्चों, कोविड तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के कल्याण के लिए शिविर में व्यवस्थाएं की जाएंगी।

## उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए महाराष्ट्र में सम्मानित हुए रीवा के कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव



**रीवा।** पुणे, महाराष्ट्र में राष्ट्रीय साहित्य सेवा संस्था द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव को हिंदी साहित्य में सक्रिय योगदान हेतु एवं उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया!

कार्यक्रम के अतिथि चरणजीत सिंह साहनी अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार कैम्प पुणे, शैलेश बड़दे सेकेट्री कला सांस्कृतिक पुणे, कशमीर नागपाल अध्यक्ष पंजाबी कल्चरर एसोसिएशन, सुरेश हेमनानी अध्यक्ष भारतीय सिंधु सभा, अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष पंजाबी कल्चरर एसोसिएशन, गुरबीर सिंह माखीजा अध्यक्ष वर्ल्ड सिख पंजाबी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं कार्यक्रम की आयोजिका राष्ट्रीय साहित्य सेवा संस्था की अध्यक्ष दीपिका कटरे ने प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र, सम्मान पत्र एवं वृक्ष भेंट कर सिद्धार्थ श्रीवास्तव को ये सम्मान प्रदान किया! उक्त आशय की जानकारी युवा कवि राजराखन पटेल ने आज यहां पर जारी अपनी एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी है!

श्री पटेल ने अपनी विज्ञप्ति में आगे बताया कि उक्त कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की कई महत्वपूर्ण हस्तियां उपस्थित रही! साथ ही कवि लोमेश गौर, कवयित्री रानू रूही राठौड़, रचना बैरागी, माही राव, कैप्टन किशोर करैया, सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं दुहित गौड़ ने अपने काव्य पाठ से कार्यक्रम को ऊंचाई भी प्रदान की!

इसके अलावा कार्यक्रम में पुणे के भी कई साहित्यकार कार्यक्रम में शरीक हुए जिनमें प्रमुख रूप से हेमंत बोरकर, हजारी लाल कटरे, पारुल दत्ता रॉय, रंजीत सिंह, पुष्पा सुरेश कीटाडीकर, लक्ष्मीछाया बाबूराव पृथ्वीराज, विलास बाबर, नागनाथ भेंडे, वैशाली गायकवाड, विठ्ठल सोडनवर, रुपाली दिलीप चौधरी, ययाती अनिल कवडे, सुजाता श्रीधर पाटील, नेहा घुले, आरती देशपांडे, बालासाहेब तोरस्कर, सीमा निगम, सायली डोलस, डॉ निर्मला राजपूत, माधुरी सुहास नगरकर, डॉ शहाबुद्दीन शेख, मोहम्मद अब्दुल अंसारी एवं विजय अंधारे शामिल है! विदित हो कि सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने तीन वर्ष की अल्प आयु से काव्य पाठ करना प्रारंभ किया था और अपने साहित्यिक गुरु सुभाष श्रीवास्तव के साथ 26 वर्षों में पूरे देश भर में साहित्यिक यात्राएं की! स्वयं भी साहित्यिक आयोजन किये! कवि सम्मेलन एवं कवि गोष्ठियां आहुत की और कोरोना काल में जब ऑफलाइन कार्यक्रम नही हो रहे थे तब 200 दिन लगातार अपने फ़ेसबुक पेज शायर सिद्धार्थ श्रीवास्तव में कवियों शायरों को आमंत्रित किया ताकि साहित्यिक गतिविधियों में विराम ना लगे! इसी वजह से सिद्धार्थ को पुणे के पत्रकार भवन, गांजवे चौक, नवी पेठ में आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया गया!


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833